52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 26.0°c अधिकतम 35.0 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 6:09 सूर्यास्त : 6:11 | वर्ष : 52/ अंक : 266 | बुधवार, 25 सितम्बर 2024 | अश्विन, कृष्ण पक्ष, अष्टमी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-04

अमृतवाणी

रिश्ता चाहे कोई भी हो, हीरे की तरह होना चाहिए, दिखने में छोटा सा, परन्तु कीमती और अनमोल।

जाली नोटों के कारोबार में सपा नेता रफी खान का नाम आया : देवरिया

नेता जी अपराधी हैं या..... अपराधी जी नेता हैं?.....

48 फर्जी कंपनियां, 167 करोड़ रुपए का चूना व 925 करोड़ के फर्जी बिल

मुजफ्फरनगर, 24 सितम्बर (बु.)। मुजफ्फरनगर के थाना रतनपुरी क्षेत्र का है, जहां पिछले दिनों एक युवक के खाते से हुई कई सौ करोड़ की फ्रोडबाजी का पुलिस ने आज खुलासा किया, तो सभी को अली बाबा 40 चोर याद आ गए।

अलीबाबा पुराने जमाने का वो चोर था, जो अपने चोरी डकैती कर अपने पैसे को प्राचीन गुफाओं में दबाकर रखता था, लेकिन मुजफ्फरनगर पुलिस ने जो खुलासा 7 लोगों को गिरफ्तार किया है, वो आज के जमाने के शातिर दिमागदार अपराधी निकले, जिन्होंने जीएसटी विभाग की रातों की नींद उड़ाकर कर रख दी। इन अपराधियों ने जीएसटी विभाग को सीधे सीधे 925 करोड़ के फर्जी बिल बनाकर 167 करोड़ का चूना लगा डाला। सबसे चौकाने वाली बात तो यह है कि इन सातों में जो सबसे बड़ा मास्टरमाइंड है, वो बीटेक से पास आउट अजीम खान हैं, जिसके पास से पुलिस ने 8 मोबाइल, 20 सिम, 2 पैन कार्ड और 5 आधार कार्ड आदि बरामद किए है। अब पुलिस इस मामले में ये जानने में जुटी है कि आखिर इनके फैले हुए इस नेटवर्क में कौन कौन शामिल है और हवाला से आरोपियों को मदद के रूप में मिले 1 करोड़ 90 लाख

रुपए भेजने वाला कौन था। फिलहाल इस खुलासे ने जीएसटी विभाग सहित सभी की आंखों के धुंधले पड़े पर्दों से धुंध को हटाकर आंख खोल देने पर मजबूर कर दिया है, क्योंकि अगर 7 लोगों की टीम ने इतना बड़ा फर्जीवाड़ा किया है, तो वह इनके पीछे कोई नेटवर्क अगर संचालित हो रहा होगा, तो वो अब तक क्या कुछ कर चुके होंगे, वो खुलासा भी वाकई बेहद चौंकाने वाला होगा। एसएसपी अभिषेक सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उनका नेटवर्क दिल्ली-नोएडा समेत पूरे देश में फैला हुआ है। दरअसल, पिछले दिनों मुजफ्फरनगर जिले के रतनपुरी थाना इलाका निवासी एक ग्रामीण के खाते में अचानक से आए 257 करोड़ रुपये और फिर अचानक से दूसरे खातों में ट्रांसफर होने का मामला सामने आया था। मामला पुलिस तक पहुंचा और पुलिस ने गहनता से पड़ताल शुरू की तो परत-दर-परत खुलती चली गई। पुलिस ने अपनी जांच में पाया कि ये सब फर्जी कंपनी और जीएसटी चोरी का मामला है और इसके पीछे कोई बड़ा गिरोह काम कर रहा है। कड़ी से कड़ी जोड़ी गई तो पुलिस के सामने मुजफ्फरनगर के ही बुढ़ाना कस्बा निवासी अजीम का नाम सामने आया, जो बी.टेक कम्प्यूटर से पासआउट है। एसएसपी अभिषेक ने जानकारी देते हुए बताया कि जांच में नाम आने के बाद अजीम और उसके साथियों तसलीम, आस मोहम्मद, सेठी, आसिफ और मोईन को हिरासत में ले लिया। हालांकि इनका एक अन्य साथी वहादत हाथ नहीं आ सका। पूछताछ में आरोपियों ने सनसनीखेज खुलासा करते हुए बताया कि उन लोगों ने 48 फर्जी कंपनियां बनाई हुई है, जिनके जरिए उन्होंने 5-6 महीनों के अंदर करीब 925 करोड़ रुपये के फर्जी बिल बनाकर करीब 167 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी की। एसएसपी ने बताया कि इन लोगों का

शेष - पृष्ठ-4 पर

साइबर क्राइम, रतनपुरी व बुढ़ाना पुलिस ने की संयुक्त कार्यवाही

मुजफ्फरनगर, 24 सितम्बर (बु.)। स्थानीय पुलिस, साइबर क्राइम और रतनपुरी पुलिस की संयुक्त टीम ने फर्जी जाली कम्पनियां रजिस्टर कर उनके जीएसटी नम्बर पर फर्जी बिलिंग करके सरकार को राजस्व हानि पहुंचाने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों द्वारा 925 करोड के फर्जी जीएसटी बिल व ई-वे बिल तैयार कर सरकार को करोडों रुपये की राजस्व हानि पहुंचायी गयी है। सभी के पास से 8 मोबाइल फोन, 20 सिम कार्ड, 2 पेन कार्ड और 5 आधार कार्ड बरामद किये गये हैं। पकड़े गये युवक तसलीम पुत्र फरमान, जुनैद पुत्र महताब गांव भनवाड़ा रतनपुरी, आस मौहम्मद पुत्र मंगता मौहल्ला गीतापुरी भूड़ खतौली, सेठी पुत्र महावीर पश्चिमी पछला कृष्णापुरी बुढ़ाना, आसिक पुत्र मंसूर मौहल्ला मंडी बुढ़ाना, मोईन पुत्र सरफराज मण्डी उत्तरी पुरानी टंकी बुढाना व अजीम पुत्र शमीम मण्डी दक्षिणी बुढ़ाना हैं, जबकि फरार युवक वहादत पुत्र फरमान भनवाडा है। पुलिस ने करोड़ों रुपये के फर्जी जीएसटी बिल के आदान प्रदान के स्क्रीन शाट व 3 कॉपियां भी बरामद की है। पुलिस टीम ने गंभीर धाराओं में मामला दर्ज करते हुए सभी सातों आरोपियों को पत्रकारों के समक्ष पेश करते हुए जिला कारागार के लिए भेज दिया है और फरार आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

एम.आर.एफ. सेंटर न बनने पर अब ईओ-एई के वेतन पर रोक

- नगर में 5 एमआरएफ सेंटर को भूमि चिंहित, नहीं हुए निर्माण
- एमआरएफ सेंटर में मशीनरी न लगाने पर जताई नाराजगी

मुजफ्फरनगर, 24 सितम्बर (बु.)। पालिका परिषद् में दो बड़े अफसरों पर शासन स्तर से हुई कार्यवाही से बड़ी हलचल मची है। स्वच्छ भारत मिशन में कूड़े से खाद्य बनाने व पृथकीकरण को नगर क्षेत्र में बनने वाले पांच नये एमआरएफ सेंटर का निर्माण कराने के लिए भूमि चिन्हित कर निर्माण कार्य पूर्ण नहीं कराने के कारण शासन ने कड़ी नाराजगी के साथ जवाब तलब किया है। इसमें पालिका ईओ व एई निर्माण का वेतन रोक दिया है।

नगरपालिका परिषद् अन्तर्गत शहरी क्षेत्र के 55 वार्डों में कूड़े के सेगरिकेशन को स्वच्छ भारत मिशन में 5 नये एमआरएफ सेंटर का निर्माण कराने के लिए शासन से 1 करोड़ 73 लाख 35 हजार रुपये का बजट स्वीकृत हुआ था। इसमें एक एमआरएफ सेंटर के निर्माण के लिए पालिका को 33.67 लाख मिले थे। इससे पूर्व पालिका को 1 एमआरएफ सेंटर के लिए पैसा मिला था, जिससे रुड़की रोड चुंगी के पास पालिका ने अपनी भूमि पर इसका निर्माण पूर्ण कराया। अब पालिका को 5 नये एमआरएफ सेंटर के लिए भूमि की तलाश थी। सीमा विस्तार में तत्कालीन ईओ हेमराज सिंह ने कूकड़ा, बीबीपुर और सहावली में एसडीएम सदर से सीमा विस्तार के बाद पालिका में अधिकार क्षेत्र की सरकारी भूमि को उपलब्ध कराने की मांग की थी। तीनों स्थानों पर भूमि देखने के साथ शासन को प्रस्ताव भेज दिये गये, लेकिन कूकड़ा में भूमि पर विवाद होने व दूसरे स्थानों पर प्रशासनिक सहयोग के अभाव में भूमि का अधिग्रहण नहीं हो सका और नये एमआरएफ सेंटर निर्माण का मामला ही लटका गया, जबकि स्वच्छ भारत मिशन निदेशालय से नए एमआरएफ सेंटर के निर्माण और प्रगति रिपोर्ट की जानकारी पालिका से मांगी जा रही थी। इस बीच निर्माण विभाग ने शासन को रिपोर्ट भेजकर निर्माण प्रक्रिया में बताया गया। अब एमआरएफ सेंटर निर्माण समयावधि में न होने और भूमि अधिग्रहण भी न होने से नाराज शासन ने कार्यवाही की है। बताया है कि शासन की नाराजगी के बाद डीएम ने पालिका ईओ प्रज्ञा सिंह के वेतन आहरण पर रोक लगाते हुए जवाब मांगा है।

इन्होंने कहा-

ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि एमआरएफ सेंटर का निर्माण न होने पर शासन स्तर से कार्यवाही की गयी है। इस मामले में निर्माण विभाग को कार्य करने के साथ शासन को भी रिपोर्ट भेजनी थी, लेकिन इसमें कोई गंभीरता नहीं दिखाई दी गई। इसके लिए उन्होंने

एई निर्माण अखंड प्रताप सिंह से जवाब तलब किया है और उनके वेतन पर रोक लगा दी गई है। उन्होंने बताया कि रुड़की रोड चुंगी पर निर्मित एमआरएफ सेंटर में मैनुअली कार्य कराया जा रहा है। यहां पर मशीन लगाने के लिए डीएम की अध्यक्षता वाली कमेटी की मंजूरी मिल चुकी है। इसके लिए स्वच्छ भारत मिशन में 16 लाख 97 हजार 600 रुपए कीमत की 6 मशीनें खरीदने के लिए टैंडर प्रक्रिया शुरू हुई है।

भोले भाले लोगों को देते थे नौकरी का झांसा

मुजफ्फरनगर, 24 सितम्बर (बु.)। पकड़े गये युवकों ने पुलिस को बताया कि हम लोगों का एक संगठित गिरोह है, जिसका मास्टर माइंड तसलीम व वहादत है। हम फर्जी कम्पनियां व फर्जी जीएसटी बिल तैयार कर सरकार के राजस्व को हानि पहुंचाकर अवैध आर्थिक लाभ कमाते है। हमारे द्वारा गत 6 वर्षों से ये कार्य किया जा रहा है। हम लोग पहले देशभर में घूमकर व फोन कॉल के माध्यम से भोले भाले लोगो को नौकरी का झांसा व प्रलोभन देकर उनके आधार कार्ड, पेन कार्ड, पहचान पत्र व बिजली बिल आदि दस्तावेज प्राप्त करते थे। फिर उन लोगों द्वारा दी गयी आईडी पर फर्जी जाली कम्पनियां रजिस्टर करते थे तथा जीएसटी नम्बर ले लेते हैं। इसके बाद उनके ही नाम पर फर्जी बैंक खाता खुलवाकर खाते का नियंत्रण अपने पास रखते थे। इसके बदले हम उन लोगों को थोडा पैसा दे देते थे। हमारे द्वारा बनायी गयी फर्जी कम्पनियां व जीएसटी बिल के माध्यम से स्कैप कबाड़ी जैसे व्यापारी हमे 3 प्रतिशत कमीशन देकर तथा फर्जी जीएसटी बिलों का प्रयोग कर 18 प्रतिशत जीएसटी बचाकर सरकार के राजस्व को हानि पहुंचा रहे थे। हम लोगों का नेटवर्क कई प्रदेशों में फैला हुआ है, यदि किसी दूसरे प्रदेश के व्यापारी को फर्जी जीएसटी बिल की जरुरत होती, तो हम उन्हें उपलब्ध कराते थे। हमारे द्वारा कमीशन का पैसा हवाला के माध्यम से प्राप्त किया जाता था तथा कुछ पैसा खाते में लिया जाता था। साथी अजीम बीटैक है। सभी टेक्निक्ल काम वही करता था। हमारे द्वारा एक ही कम्पनी के दो जीएसटी नम्बर भी लिये गये हैं तथा कम्पनी के फर्जी बैंक खाते खोले गये हैं। साथ ही बिना वाहन स्वामी को जानकारी हुए हम लोग उसके वाहन का नम्बर फर्जी जीएसटी बिल व ई-वे बिल में प्रयोग कर सरकार को राजस्व की हानि पहुंचाने में लगे थे। इसके अलावा इस गिरोह में और कौन कौन काम कर रहा है। इसकी भी जानकारी टीम कर रही है।

युवकों को पकड़ने में शामिल रहे ये पुलिसकर्मी

मुजफ्फरनगर, 24 सितम्बर (बु.)। साइबर थाना क्राइम प्रभारी निरीक्षक सुल्तान सिंह व सतेन्द्र सिंह, दारोगा गौरव चौहान, हैड कांस्टेबल अवधेश, कांस्टेबल योगेश कुमार, विवेक कुमार, अभिषेक चौहान, थाना रतनपुरी के प्रभारी निरीक्षक तेज सिंह यादव, रियावली चौकी प्रभारी संदीप कुमार, दारोगा गौरव मलिक, हैड कांस्टेबल कपिल कुमार, कांस्टेबल हेमन्त कुमार, बुढ़ाना कोतवाल आनंद देव मिश्र, कस्बा बुढ़ाना इंचार्ज ललित कसाना, दारोगा आयुष त्यागी और कांस्टेबल गजेंद्र मौजूद रहे।

पहले इंस्टाग्राम पर की दोस्ती, फिर किया रेप

बुढाना, 24 सितम्बर (बु.)। इंस्टाग्राम पर एक नवयुवक को फोलो कर एक किशोरी ने अपनी इज्जत गंवा दी। इस मामले की जानकारी बुढ़ाना पुलिस को हुई, तो पुलिस ने 24 घंटे में ही आरोपी को ढूंढ निकाला और जेल भेज दिया। दोनों के बीच प्रेम-प्रसंग की भी चर्चाएं हैं। कस्बे की 15 वर्ष की किशोरी ने कुछ समय पूर्व इंस्टाग्राम पर कस्बे के आदिल अंसारी को फोलो किया तो वो किशोरी के पास से उसका पता लेकर उसकी घर में ही स्थित दुकान पर सामान खरीदने के बहाने आने-जाने लगा। तब उसने किशोरी को अपने झांसे में ले लिया। बीते 18 सितम्बर को जब किशोरी अपनी दुकान पर थी, तो आदिल वहां सामान खरीदने के बहाने आया और किशोरी को फुसलाकर हिंडन नदी पर ले गया। एकांत पाकर आदिल ने

जबरदस्ती किशोरी संग रेप किया और उसकी नग्न वीडियो बनाई। आदिल ने नग्न वीडियो किशोरी को ब्लैकमेल करने के इरादे से उसके मोबाइल पर भेज दी और आगे भी अवैध सम्बंध न बनाने पर नग्न वीडियो को पूरी तरह से वायरल करने की धमकी देने लगा। तब किशोरी परेशान हो गयी और उसने डरते हुए अपनी मां को सारी बात बताते हुए कहा कि आदिल ने उनकी गैर मौजूदगी में भी उसके साथ घर पर ही रेप की घटना को कई बार अंजाम दिया और वह अब उसे ब्लैकमेल कर रहा है। जहां किशोरी अभी पढ़ाई कर रही है, वहीं आरोपी मजदूरी करता है। बुढ़ाना पुलिस ने आरोपी को आज मंगलवार के दिन गिरफ्तार कर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

छत्तीसगढ़ में 41 लाख के इनामी दो नक्सलियों समेत तीन माओवादी ढेर

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर व कांकेर जिले की संयुक्त पुलिस ने मुठभेड़ में एक शीर्ष नक्सली व एक महिला समेत तीन माओवादियों को मार गिराया है। इनमें दोनों नक्सलियों पर 41 लाख रुपये के इनाम घोषित किये गये थे। मारे गये दोनों नक्सली अंतरराज्यीय क्षेत्र के बड़े माओवादी थे जिसमें एक गढ़चिरौली व दूसरा बालाघाट का बताया जा रहा है। वहीं महिला की शिनाख्त नहीं हुई है। मुठभेड में मारे गए तीन नक्सलियों में से दो नक्सलियों की शिनाख्तगी रूपेश व जगदीश के रूप में हुई है। मृत महिला नक्सली की पहचान कार्रवाई जारी है। नारायणपुर के पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने बताया कि जिला नारायणपुर अबूझमाड़ के क्षेत्र में माओवादियों की उपस्थिति की सूचना प्राप्त होने पर सर्चिंग अभियान संयुक्त पुलिस पार्टी गई थी।

यूपी में खान-पान केंद्रों पर संचालकों को सार्वजनिक करने होंगे नाम

लखनऊ 24 सितम्बर (वार्ता) देश के कुछ स्थानो पर खानपान की चीजों पर मिलावट करने की घटनाओं के बीच उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में खान पान केंद्रों पर संचालक,मैनेजर और अन्य के नाम सार्वजनिक करने के निर्देश दिये हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को एक उच्च स्तरीय बैठक में प्रदेश के सभी होटलों/ढाबों/रेस्टोरेंट आदि संबंधित प्रतिष्ठानों की गहन जांच, सत्यापन आदि के भी निर्देश दिए हैं साथ ही आम जन की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए नियमों में जरुरत के अनुसार संशोधन के भी निर्देश दिए। श्री योगी ने कहा कि हाल के दिनों में देश के विभिन्न क्षेत्रों में जूस, दाल और रोटी जैसी खान-पान की वस्तुओं में मानव अपशिष्ट/अखाद्य/गंदी चीजों की मिलावट की घटनाएं देखने को मिली हैं। ऐसी घटनाएं वीभत्स हैं और आम आदमी के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाली हैं। ऐसे कुत्सित प्रयास कतई स्वीकार नहीं किया जा सकते। उत्तर प्रदेश में ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए ठोस प्रबंध किए जाने आवशयक हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे ढाबों/रेस्टोरेंट आदि खान-पान के प्रतिष्ठानों की जांच की जानी आवशयक है। प्रदेशव्यापी सघन अभियान चलाकर इन प्रतिष्ठानों के संचालक सहित वहां कार्यरत सभी कर्मचारियों का सत्यापन किया जाए। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, पुलिस व स्थानीय प्रशासन संयुक्त टीम द्वारा यह कार्यवाही शीघ्रता से सम्पन्न कराई जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि खान-पान के प्रतिष्ठानों पर संचालक, प्रोपराइटर, मैनेजर आदि के नाम और पता प्रमुखता से डिस्प्ले किये जाने चाहिये। इस संबंध में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में आवशयकतानुसार संशोधन भी किया जाए। उन्होंने कहा कि ढाबे/ होटलों/ रेस्टोरेंट आदि खान-पान के प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी की व्यवस्था हो। न केवल ग्राहकों के बैठने के स्थान पर बल्कि प्रतिष्ठान के अन्य हिस्सों को भी सीसीटीवी से कवर होना चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाए कि हर प्रतिष्ठान संचालक सीसीटीवी की फीड को सुरक्षित रखेगा और आवशयकता पड़ने पर पुलिस/स्थानीय प्रशासन को उपलब्ध कराएगा। योगी ने कहा कि खान पान के केंद्रों पर साफ-सफाई होनी चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाए कि खाद्य पदार्थों को तैयार करने तथा सर्विस के समय संबंधित व्यक्ति मास्क/ग्लव्स का उपयोग जरूर करें, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आम जन के स्वास्थ्य हितों से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ नहीं किया जा सकता। ऐसा प्रयास करने वालों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाए। खाद्य पदार्थों को बनाने, बेचने अथवा अन्य संबंधित गतिविधियों से जुड़े नियमों को व्यवहारिकता का ध्यान रखते हुए और सख्त किया जाए। नियमों की अवहेलना पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए।

एक लाख का इनामी मुठभेड़ में ढेर

गाजीपुर, 24 सितम्बर (वार्ता) उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने बीती रात गाजीपुर के दिलदारनगर क्षेत्र में एक सशस्त्र मुठभेड़ के बाद एक लाख रुपये के इनामी बदमाश को मार गिराया। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि एसटीएफ की नोएडा यूनिट, गहमर कोतवाली और जीआरपी दिलदारनगर की संयुक्त कार्रवाई में मोहम्मद ज़ाहिद उर्फ सोनू को ढेर कर दिया गया। मृतक के कब्जे से एक अवैध पिस्टल, दो खोखा कारतूस और एक बैग अवैध देसी शराब बरामद की गई। पुलिस के अनुसार मारे गये बदमाश ने 19-20 अगस्त की रात आरपीएफ़ के दो सिपाहियों जावेद खान और प्रमोद कुमार की हत्या की थी। सिपाही बाड़मेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस में अवैध शराब की तस्करी को रोकने का प्रयास कर रहे थे। शराब तस्करों ने दोनों सिपाहियों पर हमला किया और उन्हें चलती ट्रेन से नीचे फेंक दिया, जिससे उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर डॉ ईरज राजा ने इस कार्रवाई की पुष्टि करते हुए बताया कि आगे की जांच जारी है। यह मुठभेड़ कानून के प्रति पुलिस की दृढ़ता और अपराधियों के खिलाफ उनकी सक्रियता का प्रमाण है। उन्होने बताया कि दिलदारनगर थाना अंतर्गत गोपालपुर गांव के पास मुठभेड़ के दौरान जब पुलिस टीम ने ज़ाहिद को पकड़ने का प्रयास किया तो उसने जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर फायरिग कर दिया। आत्मरक्षार्थ पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की जिसमें ज़ाहिद गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल सीएचसी भदौरा भेजा गया जबकि बाद में उसे जिला अस्पताल गाज़ीपुर में मृत घोषित कर दिया गया।

चौकी प्रभारी हुए लाईन हाज़िर

मुजफ्फरनगर, 24 सितम्बर (बु.)। मुजफ्फरनगर एसएसपी ने गांधी कॉलोनी चौकी प्रभारी विनीत मलिक को लाइन हाज़िर कर दिया है। आरोप है कि किसी मामले में एसआई विनीत मलिक की जांच की गई, जिसमें एसएसपी अभिषेक सिंह द्वारा कराई गई जांच की आंच चौकी प्रभारी पर ऐसी गिरी कि उनको तुरंत लाईन हाजिर कर दिया गया।

वैश्य सभा ने किया मेधावी छात्र छात्राओं का भव्य अलंकरण समारोह आयोजित

मुजफ्फरनगर, 24 सितम्बर (बुस.)। आज वैश्य सभा जनपद मुजफ्फरनगर द्वारा अग्रसैन भवन पर वैश्य मेधावी छात्र-छात्राओं का भव्य अलंकरण सम्मान समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कपिल देव अग्रवाल राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार रहे। अध्यक्षता सत्य प्रकाश मित्तल एवम संचालन महामंत्री अजय कुमार सिंघल ने किया। कार्यक्रम में हाई स्कूल, इण्टरमीडिएट, यूपी बोर्ड, सीबीएससी बोर्ड, सीए, एमबीबीएस, पीएचडी मे उच्च स्थान पाने वाले लगभग 300 बच्चों का नगर के गणमान्य व्यक्तियों, अतिथियों द्वारा प्रतीक चिन्ह, प्रशस्ति-पत्र भेंट कर कराया गया। पीआर पब्लिक स्कूल के बच्चों सुन्दर देश भक्ति गीत प्रस्तुत किए। खचाखच भरे हॉल में कार्यक्रम का आरम्भ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर महाराजा अग्रसेन की आरती, राष्ट्र गान से किया गया। विशिष्ट अतिथि सुशीला अग्रवाल, अशोक कंसल पूर्व विधायक, कृष्ण गोपाल मित्तल ने समाज को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हुए मार्ग दर्शन किया। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि समाज सदा अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन करता आ रहा है। राजनितिक रूप से भी समाज को मजबूत बने रहने की सतत आवश्यकता है। श्री अग्रवाल ने , महामंत्री अजय कुमार सिंघल के पूछने पर कहा कि नगर पालिका प्रांगण में महाराजा अग्रसेन की मूर्ति स्थापित होने में कोई बाधा नहीं है। नगर पालिका से प्रस्ताव पास है, मैं स्वयं खड़े होकर मूर्ति स्थापित कराऊंगा। कार्यक्रम को भव्य सुन्दर रूप से आयोजित करने में कृष्ण गोपाल मित्तल अध्यक्ष, अजय कुमार सिंघल महामंत्री, जर्नादन स्वरूप कोषाध्यक्ष, योगेश सिंघल भगत जी, राकेश कंसल कार्यक्रम संयोजक, अशोक सिंघल, संजीव गोयल, अचिन कंसल (कार्यक्रम व्यवस्था प्रमुख), दिनेश बंसल, अनिल तायल, मित्तर सैन अग्रवाल संजय गुप्ता, अजय गर्ग, सौरभ मित्तल, श्याम लाल बंसल, आर के गर्ग, प्रो. रजत गोयल, मुकेश तायल, प्रवीण जैन, शिव कुमार सिंघल, देवेन्द्र गर्ग, शोभित गुप्ता सभासद, शोभित सिंघल आदि का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में सुरेश गोयल, राज कुमार गोयल, अशोक तायल, अशोक अग्रवाल, सुरेन्द्र अग्रवाल, शलभ गुप्ता, सुभाष गुप्ता, योगेश मित्तल,निशा गुप्ता आदि अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी गौरव मई उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के पश्चात जलपान की काबिले तारीफ व्यवस्था रही।

भारतीय मानक ब्यूरो के तत्वाधान में प्रतियोगिता आयोजित की

मुजफ्फरनगर, 24 सितम्बर (बुस.)। भारतीय मानक ब्यूरो के तत्वाधान में आज भागवन्ती सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालिज में एक प्रतियोगिता आयोजित की गयी, जिसकी संयोजिका पूनम कपिल थी और संयोजक आचार्य मनोज रहे, जिसका विषय स्कूल बैग था। इसके अन्तर्गत छात्राओं में लेखन कौशल एवं सृजनशीलता का विकास करना था। इस प्रतियोगिता के प्रथम चरण में लगभग 62 छात्राओं ने भाग लिया और अपने विचारों और अनुभवों को प्रतियोगिता के माध्यम से सभी के समक्ष प्रस्तुत किया। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार के लिए 2000/- रुपए द्वितीय पुरस्कार में 1400/- व तृतीय में 1000/- रुपए और सांत्वना में 600/- रुपए की राशि तय की गयी। प्रत्येक पुरस्कार की राशि चार छात्राओं में बांटी गयी। प्रतियोगिता के अन्त में छात्राओं को सूक्ष्म जलपान कराया गया और पुरस्कृत करके प्रधानाचार्या ने छात्राओं को आशीर्वचन दिया। इस प्रतियोगिता का द्वितीय चरण नवम्बर माह में देहरादून में होना है, जहां पर छात्राओं को विज्ञान प्रयोगशाला का अवलोकन कराया जायेगा।

भाजयुमों जिला कोषाध्यक्ष विकास कौशिक को आनन-फानन में पदमुक्त किये जाने को लेकर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा में आक्रोश फैला

खतौली, 24 सितम्बर (बु.)। भाजपा जिलाध्यक्ष अपनी हठधर्मिता दिखाते हुए बिना किसी कारण के भाजयुमों जिला कोषाध्यक्ष विकास कौशिक को आनन-फानन में पदमुक्त किये जाने को लेकर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा में आक्रोश फैल गया। कहीं मीरापुर विधानसभा चुनाव सहित जनपद में पार्टी संगठन के लिए हानिकारक सिद्ध न हो जाये। मिली जानकारी के अनुसार जनपद के वरिष्ठ नेताओं सहित कर्मठ भाजपा कार्यकर्ताओं के विपरीत भी भाजपा हाईकमान द्वारा सभी शिकायतों की अनदेखी करते हुए विगत एक वर्ष पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष के पद पर सुधीर सैनी की ताजपोशी की घोषणा की गयी थी। पद पर आसीन होने के बाद ही अपने बड़बोलेपन सहित वरिष्ठ भाजपाईयों की अनदेखी करने के साथ अपने चहेतों तक सीमित रहे भाजपा जिलाध्यक्ष चर्चा में बने दिखे, वहीं उनके कार्यकाल में उनके व्यवहार से पीड़ित भाजपा कार्यकर्ता में बढ़ती उदासीनता के फलस्वरूप ही लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी की हार को मुख्य कारण माना जा रहा है, वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष का पूर्व क्षेत्रीय विधायक विक्रम सैनी के साथ छत्तीस का आंकड़ा भी जहां पार्टी हाईकमान के लिए परेशानी का लगातार सबब बना हुआ है, वहीं जिलाध्यक्ष चुनाव सहित पालिका चुनाव में पार्टी की हार का ठींकरा भी भाजपा जिलाध्यक्ष की कार्यप्रणाली का कारण पार्टी में माना जा रहा है, जिसको लेकर जनपद के वरिष्ठ कर्मठ भाजपा नेताओं द्वारा पार्टी हाईकमान को अनेक बार अवगत कराया जा चुका है, जिसका उल्लेख समय समय पर समाचार पत्रों सहित सोशल मीडिया में बना रहा, परन्तु पता नहीं किन कारणों से पार्टी हाईकमान द्वारा इन शिकायतों को दरकिनार किया जाता रहा है। वर्तमान में भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी द्वारा अचानक नगरपालिका सभासद विकास कौशिक भाजयुमो जिला अध्यक्ष कोषाध्यक्ष पद से मुक्त कर उनके स्थान पर अपने चहेते कार्यकर्ता को मनोनित किया जाना आजकल भाजपा कार्यकर्ताओं में चर्चा का विषय बना हुआ है, वहीं सभासद विकास कौशिक को उनके पद से हटाये जाने पर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा में आक्रोश उबल रहा है, जिसको लेकर महासभा अध्यक्ष के.पी. शर्मा के नेतृत्व में एक आपातकालीन बैठक कर भाजपा जिलाध्यक्ष के प्रति रोष व्यक्त किया गया तथा इस सम्बंध में भावी रणनीति बनाई जाने का निर्णय लेते हुए भाजपा हाईकमान को जिलाध्यक्ष की कार्यप्रणाली से अवगत कराने पर सहमति व्यक्त की भाजपा जिला अध्यक्ष के विरूद्ध भाजपा कार्यकर्ताओं में पहले से बन रहे आक्रोश के साथ अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा द्वारा उठता नजर आ रहा आक्रोश कहीं जनपद में भाजपा की मुश्किलें बढ़ाने का काम ना कर दे। उल्लेखनीय है कि इस आक्रोश की तपिस कहीं मीरापुर की विधानसभा चुनाव को प्रभावित कर भाजपा की मुश्किलें बढ़ाने में सहायक ना बन जाये।

विधानसभा क्षेत्र बुढ़ाना की कार्यकारणी का विस्तार

शाहपुर, 24 सितम्बर (बु.)। समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं की हुई बैठक में विधानसभा क्षेत्र बुढ़ाना की कार्यकारणी का विस्तार करते हुए नियुक्ति पत्र दिए। समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक विधानसभा अध्यक्ष बुढ़ाना अकरम खान के प्रतिष्ठान पर आयोजित की गई। बैठक में कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए आदिल कुरैशी निवासी पलड़ी को विधानसभा बुढ़ाना का कार्यकारिणी सदस्य घोषित कर विधानसभा अध्यक्ष द्वारा नियुक्ति-पत्र दिया गया। विधानसभा अध्यक्ष अकरम खान ने समाजवादी पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का उपस्थित कार्यकर्ताओं से आह्वान किया। इस अवसर पर जिला कार्यकारिणी सदस्य अनेश निर्वाल, जिला सचिव इकबाल कुरैशी, सतेन्द्र कुमार, ओमपाल सिंह, देवेन्द्र सिंह, मौहम्मद सलीम, इकराम कुरैशी, महेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

शामली डीएम अरविन्द चौहान ने जाना कारागार का हाल

मुजफ्फरनगर, 24 सितम्बर (बु.)। शामली डीएम अरविन्द चौहान ने मंगलवार को अन्य अधिकारियों के जिला जेल का निरीक्षण किया। इस बीच उन्होंने जिला जेल में पुरुष एवं महिला बैरकों के साथ ही रसोईघर का निरीक्षण करते हुए अधीनसथों को विशेष साफ-सफाई, बंदियों को मेन्यू के हिसाब से जेल में गुणवत्तापूर्ण भोजन ही उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। इसके बाद पुरुष व महिला बंदियों से जेल में मिलने वाली सुविधा व उनकी समस्याओं के बारे में भी आलाधिकारियों ने जानकारी ली। कारागार परिसर व कार्यालय का निरीक्षण करते हुए अभिलेखों के रखरखाव, मुलाकाती रजिस्टर का अवलोकन किया। सुरक्षा की दृष्टि से जिला कारागार में लगी जैमर प्रणाली व सीसीटीवी कैमरों को चेक किया। जिला कारागार के निरीक्षण के दौरान आलाधिकारियों ने जेल में स्थित अस्पताल का निरीक्षण करते हुए दवाईयों की उपलब्धता व ओपीडी आदि की जानकारी प्राप्त की तथा निर्देशित किया कि मरीजों के इलाज में किसी प्रकार की कोई शिथिलता व लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कारागार अधीक्षक को निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप जेल में बंदियों को मिलने वाली तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराएं, शातिर बंदियों पर निगरानी रखे, जेल परिसर के अंदर प्रतिबंधित सामग्री न जाने के निर्देश दिए।

1008 श्री अनंतनाथ भगवान की शोभायात्रा बड़ी ही धूमधाम से निकाली

मुजफ्फरनगर, 24 सितम्बर (बुस.)। श्री दिगंबर जैन पंचायती मंदिर चौड़ी गली नई मंडी में 1008 श्री अनंतनाथ भगवान की शोभायात्रा बड़ी ही धूमधाम से नई मंडी के विभिन्न मार्गो से निकल गई। मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष अमित कुमार जैन एडवोकेट व मंत्री अशोक जैन ने बताया कि 1008 श्री अनंतनाथ भगवान की शोभायात्रा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़ी धूमधाम से निकल गई है। इस बार रथ यात्रा महोत्सव में परम पूज्य आचार्य भगवन 108 श्री विद्यासागर जी महाराज की सुशिष्या सरिता दीदी व बबीता दीदी का परम सानिध्य प्राप्त हुआ, जिनकी मंगल वाणी से समस्त जैन समाज को धर्म लाभ प्राप्त हुआ। उन्होंने समाज को सन्देश दिया वितरण किए बिना वैतरणी पार नहीं होती। हर पर्याय में जीव को वस्तुओं का संचय करने का संस्कार स्वतः ही उसमें आ जाता है और तरह तरह के आयामों द्वारा वह वस्तुओं का संचय करता रहता है और सही-गलत, नैतिक-अनैतिक कुछ भी विचार किए बिना संचय को प्रधानता देता है, जो उसे इस जन्म में भी निंद्य और पर जन्म में भी दुख भोगने के लिए बाध्य कर देती है। साधुओं ने कहा है कि नरक में वैतरणी जैसी अपवित्र दुखदायी नदिया होती है और अधिक संचय करने से नरक के दुखों को भोगना पढ़ता है। यदि कोई उन दुःखों से बचना चाहता है, तो जो संचय किया है वह वितरण करना प्रारंभ कर देवें, जितनी आवश्यकता है, उतना ही जोड़े। बाकी को मानव सेवा में, राष्ट्र की सेवा में,धर्म की सेवा में लगाए। जीवन केवल धन जोड़ने के लिए नहीं अपितु सेवा करने के लिए हैं, दीन दुखियों के लिए भोजन वस्त्र का प्रबंध कराए, अशिक्षितों को शिक्षा का प्रबंध कराए, रोगियों को उपचार कराए अपनी समाज, अपने शहर, अपने प्रदेश, अपने राष्ट्र के उद्धार में अपना संचय किया हुआ द्रव्य दान करें। जीवन की यात्रा सुखमय बनाने के लिए सामान कम रखे, आवश्यक रखें। अधिक आकांक्षाएं हमे सदैव दुःखी रखती है, सुखी होने के लिए धन की नहीं धर्म की शांति की आवश्कता हैं, धनाढ्य सेठ साहूकार भी धन होने पर भी दुःखी देखे जाते है संसार है। इसलिए जो प्राप्त है, उसमे संतोष रखे,जो अधिक है, उसे सेवा के कार्य में लगाए और अपना जन्म सफल करें। यही नीति है यही मानवता है। इस दौरान निग्रन्थ जैन पाठशाला की संचालिका स्वीटी जैन के बच्चों द्वारा मंदिर जी में 1008 श्री अनंतनाथ भगवान की शोभायात्रा के उपलक्ष्य में बहुत ही सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसका सभी जैन धर्म प्रेमी बिंदुओं ने हृदय से बच्चों का उत्साह वर्जन किया। अभय जैन कव्वाल वालों के द्वारा सभी बच्चों को पारितोषिक पुरस्कार वितरण किये गये। रात में प्रभु 1008 श्री अनंतन भगवान को लेकर बैठने का अवसर सुनील कुमार जैन, शरद कुमार जैन शाहपुर वाले परिवार को प्राप्त हुआ तथा प्रभु का रथ चलाने का सौभाग्य अभय कुमार जैन, शुद्धतम जैन, कवाल वालों परिवार को प्राप्त हुआ। खजांची बनने का अवसर सिद्धांत जैन कवाल वाले परिवार को प्राप्त हुआ। कुबेर इंद्र बनने का अवसर शोभित जैन परिवार को प्राप्त हुआ। श्रीजी की रथ यात्रा नई मंडी के विभिन्न मार्गो से होती हुई वापस मंदिर जी में पहुंची और भगवान का जलाभिषेक करते हुए गंधोदक वितरित किया गया तथा सभी ने अनंतनाथ भगवान की जय जयकार की। रथ यात्रा महोत्सव में मुख्य रूप से मुख्य अतिथि चंद्र कुमार जैन, गुलशन केमिकल्स प्राइवेट लि0 रहे। समारोह गौरव राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल आदि रहे तथा अमित कुमार जैन एडवोकेट, अशोक जैन सराफ मंत्री, नवीन जैन कोषाध्यक्ष, राजकुमार जैन मंसूरपुर वाले, विमल जैन बैक वाले, नवीन जैन, सुनील जैन, अभय जैन, अरविंद जैन, ऋषभ जैन, कवाल वाले, मुकेश जैन (मीनू) खतौली वाले, अजय जैन, मुदित जैन, राजीव जैन मंसूरपुर वाले, मधुबन जैन, प्रदुमन जैन शास्त्री जी आदि काफी संख्या में महिलाएं, बच्चे, पुरुष उपस्थित रहे।

तारीख गवाह है
आज का इतिहास

नयी दिल्ली, 24 सितंबर (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 25 सितंबर की महत्वपूर्ण घटनाएं इस प्रकार हैं- **1340-** इंग्लैंड और फ्रांस ने निरस्त्रीकरण संधि पर हस्ताक्षर किये। **1654-** इंग्लैंड और डेनमार्क ने व्यापार संधि पर हस्ताक्षर किये। **1846-** अमेरिकी सेना ने मेक्सिको के मोंटेरी पर कब्जा किया। **1897-** ब्रिटेन में पहली बस सेवा की शुरुआत हुई। **1911-** फ्रांसीसी युद्धपोत लिब्रीटे में टूलॉन हार्बर पर विस्फोट से 285 लोगों की मौत। **1914-** भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री चौधरी देवी लाल का जन्म हुआ। **1916-** प्रसिद्ध भारतीय विचारक, दार्शनिक और भारतीय जनसंघ के सह-संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म हुआ **1920-** प्रोफेसर सतीश धवन का जन्म हुआ **1939-** प्रसिद्ध अभिनेता एवं फिल्म निर्माता-निर्देशक फिरोज खान का जन्म। **1974-** पांचवी पंचवर्षीय योजना पूर्ण हुई। **1974-** अमेरिका ने नेवादा परीक्षण स्थल पर परमाणु परीक्षण किया। **1977-** फिल्म अभिनेत्री दिव्या दत्ता का जन्म। **1981-** मध्य अमेरिकी देश बेलीज संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुआ। **1984-** मिस्र और जॉर्डन के बीच राजनयिक संबंध फिर से बहाल हुए। **1985-** अकाली दल ने पंजाब राज्य में चुनाव में जीत दर्ज की। **1992-** चीन ने लोप नोर,पीआरसी में परमाणु परीक्षण किया।। **2008-** चीन ने अंतरिक्ष यान 'शेनझोओ 7' का प्रक्षेपण किया। **2018-** महेंद्र सिह धोनी दुबई में एशिया कप में अफगानिस्तान के खिलाफ मैच में भारतीय क्रिकेट टीम का नेतृत्व कर-के 200 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में कप्तानी करने वाले पहले भारतीय बने। **2020-** मशहूर गायक एस. पी. बालासुब्रमण्यम का कोरोना वायरस से संक्रमित होने के बाद निधन। **2020-** राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) अस्तित्व में आया, भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद की जगह ली। इसे भारत के चिकित्सा शिक्षा संस्थानों और चिकित्सा पेशेवरों के नियमन के लिए नीतियां बनाने का अधिकार है।

यूपीआईटीएस 2024: यूपी की सांस्कृतिक धरोहर से परिचित होंगे मेहमान

लखनऊ, 24 सितंबर (वार्ता) मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) का आयोजन किया जाएगा। एक तरफ जहां उद्यमियों के सपनों को उड़ान मिलेगी, वहीं मेहमान यूपी की सांस्कृतिक धरोहरों से भी परिचित होंगे। योगी सरकार इस आयोजन में उत्तर प्रदेश के लोकनृत्य-लोकगीत कलाकारों को देश-विदेश के आगंतुकों के समक्ष मंच देगी तो वहीं रूस, बोलिविया, कजाकिस्तान, ब्राजील, वेनेजुएला, इजिप्ट, बांग्लादेश के कलाकार भी अपनी संस्कृति की झलक से मेजबानों को परिचित कराएंगे। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के द्वितीय संस्करण में सांस्कृतिक कार्यक्रमों को लेकर संस्कृति विभाग ने तैयारी कर ली है। यहां के मुक्ताकाशी मंच पर पांच दिन तक आगंतुक सुरमयी कार्यक्रमों का भी आनंद उठाएंगे। 25 सितंबर को पहले दिन नोएडा की माधवी मधुकर का भजन, मेहमान देश वियतनाम के कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुति होगी। पहले दिन बॉलीवुड सिगर अंकित तिवारी के गीतों पर दर्शक झूमेंगे। 26 सितंबर को आईसीसीआर के माध्यम से बोलिविया, रूस, बांग्लादेश, कजाकिस्तान, ब्राजील, वेनेजुएला, इजिप्ट आदि के कलाकार अपने देश की सांस्कृतिक प्रस्तुति देंगे। प्रयागराज की नीलाक्षी रॉय के 'प्रेम के रंग, कृष्ण के संग' के जरिए आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति होगी। सांस्कृतिक सांझ की अंतिम प्रस्तुति बालीवुड सिगर कनिका कपूर के गीतों की होगी। 27 सितंबर को मथुरा की माधुरी शर्मा ब्रज के लोकगायन से परिचित कराएंगी। युवाओं के दिलों पर राज करने वाले पवनदीप व अरुणिता भी ट्रेड शो में युवाओं के समक्ष प्रस्तुति देंगे। 28 सितंबर को लखनऊ की संजोली पांडेय, सहारनपुर की रंजना नेब रामकथा पर आधारित कथक नृत्य नाटिका प्रस्तुत करेंगी। कृष्ण भक्ति गायन पर माधवा बैंड की गायन प्रस्तुति होगी। 29 सितंबर को महोबा के जितेंद्र चौरसिया बुंदेली लोकगायन से परिचित कराएंगे। आगरा की प्रीति सिह हनुमान चालीसा पर नृत्य नाटिका प्रस्तुत करेंगी। डॉ. पलाश सेन की यूफ़ेरिया बैंड प्रस्तुति होगी। सरकार का लोकसंस्कृति को बढ़ावा देने पर पूरा जोर है। इसी क्रम में आईटीएस में लोककलाकारों को सांस्कृतिक मंच उपलब्ध कराया गया है। प्रयागराज की प्रीति सिह व टीम ढेढ़िया नृत्य, बांदा के रमेश पाल पाईडंडा, अयोध्या के शीतला प्रसाद वर्मा फरुआही, अयोध्या की सुमिष्ठा मित्रा बधावा लोकनृत्य, आगरा के देवेंद्र एस मंगलामुखी कथक, झांसी की वंदना कुशवाहा राई, पीलीभीत के बंटी राणा थारू, दीपक शर्मा मयूर लोकनृत्य, लखनऊ की प्रीति तिवारी कथक नृत्य नाटिका, गोरखपुर के रामज्ञान यादव फरुआही लोकनृत्य, झांसी के रघुवीर सिह यादव पाई-डंडा नृत्य प्रस्तुत करेंगे। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों के कलाकारों को भी मंच मुहैया कराया गया है।

डीएवी कॉलेज में मेधावी छात्र-छात्राओं का अलंकरण समारोह आयोजित

मुजफ्फरनगर, 24 सितम्बर (बु.)। मंगलवार को डीएवी कॉलेज में मेधावी विद्यार्थी अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डीएवी कॉलेज प्रबंध समिति के सचिव डॉ. एमके बंसल मुख्य अतिथि के रूप में तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रबंध समिति के अध्यक्ष अमित कुमार एवं सहसचिव राजीव गोपाल उपस्थित रहे। इस वर्ष महाविद्यालय के विभिनन विषयों के 55 छात्र-छात्राओं ने मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय की मेरिट सूची के प्रथम 10 में अपना स्थान बनाकर महाविद्यालय का परचम लहराया है। सभी मेधावी छात्र-छात्राओं में 08 ने अपने अपने विषयों में प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। मुख्य अतिथि डॉ. एमके बंसल, विशिष्ट अतिथि अमित कुमार एवं राजीव गोपाल द्वारा छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किये गए तथा अपने आशीर्वचनों से छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के समापन पर महाविद्यालय प्राचार्या प्रो. गरिमा जैन ने सभी अतिथियों का धन्यवाद देते हुए छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम संयोजिका प्रो. संगीता श्रीवास्तव एवं आयोजन सचिव प्रो. रामकिशन शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. विचित्रा त्यागी, डॉ. पारुल गोयल, डॉ. रंजीता जैन एवं अमित जैन का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में डॉ. मंजू चौहान, प्रो. सुषमा सैनी, प्रो. सुविता कुमारी, प्रो. प्रीति अग्रवाल, डॉ. संजय कुमार, डॉ. नवीन शर्मा, डॉ. अंशु बंसल, डॉ. राहुल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

पॉलीटैक्निक पाठ्यक्रम में "प्रारम्भ-2024" कार्यक्रम का आयोजन हुआ

मुजफ्फरनगर, 24 सितम्बर (बुस.)। श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजज की पॉलीटैक्निक पाठ्यक्रम में "प्रारम्भ-2024" कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष डॉ. एससी कुलश्रेष्ठ ने की। कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्था के संस्थापक चेयरमैन डॉ. कुलश्रेष्ठ, कॉलेज के निदेशक डॉ. अशोक कुमार, श्रीराम इंजीनियरिंग के निदेशक डॉ. एसएन चौहान व डीन डॉ. सुचित्रा त्यागी ने दीप-प्रज्जवलित करके किया। इसके उपरान्त मंचासीन अतिथियों के स्वागत क्रम में संस्थान के निदेशक प्रो. एसएन चौहान ने संस्थाध्यक्ष डॉ. कुलश्रेष्ठ को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। डॉ. सुचित्रा त्यागी ने श्रीराम कॉलेज के निदेशक डॉ. अशोक कुमार का स्वागत किया। तदोपरान्त श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज (पॉलीटैक्निक) के प्राचार्य आशीष कुमार द्वारा संस्था के चेयरमैन डॉ. एससी कुलश्रेष्ठ के व्यक्तित्व एवं जीवन में प्राप्त उपलब्धियों को स्लाईड-शो के माध्यम से छात्र-छात्राओं एवं विभिन्न अतिथियों के समक्ष प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज की डीन डॉ. सुचित्रा त्यागी व सभी संकायों के विभागाध्यक्ष, श्रीराम कॉलेज के निदेशक डॉ. अशोक कुमार एवं अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

क्षेत्रीय प्रबंधक ने रोडवेज डिपो का किया निरीक्षण

मुजफ्फरनगर, 24 सितम्बर (बु.)। सहारनपुर परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक अक्षय कुमार ने रोडवेज बस डिपो व वर्कशॉप का निरीक्षण किया। क्षेत्रीय प्रबंधक ने रोडवेज बस डिपो में एआरएम व अधिकारियों से बसों के संचालन की रूपरेखा के बारे में जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने वर्कशाप का निरीक्षण किया। उन्होंने वर्कशाप में खराब हालत में खड़ी बसों के बारे में जानकारी लेकर उन्हें सही करा कर यात्रियों की सुविधा के लिए संचालन कराने के आदेश दिए। उन्होंने बसों के रख रखाव व साफ सफाई के बारे में जानकारी लेकर कहा कि कोई भी बस बिना चेक किए वर्कशाप से बाहर न जाए। यात्रियों को असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने वर्कशाप में तैनात सुपरवाइजर व अन्य कर्मचारियों की समस्याएं के बारे में भी जानकारी ली।

यूपी के आठ विश्वविद्यालयों में स्थापित होंगे सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

लखनऊ, 24 सितम्बर (वार्ता) उत्तर प्रदेश की योगी सरकार राज्य के आठ प्रमुख विश्वविद्यालयों में कुल 58 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना करने जा रही है। अधिकृत सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि सरकार की इस पहल का उद्देश्य उच्च शिक्षा के क्षेत्र में शोध, नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण को बढ़ावा देना है, जिससे छात्रों और शिक्षकों को न सिर्फ भविष्य की चुनौतियों से निपटने में सक्षम बनाया जा सके, बल्कि इसके अनुरूप तैयार किया जा सके। इसके लिए सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए विश्वविद्यालयों को कुल तीन करोड़ 88 लाख 77 हजार 800 रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है। इस धनराशि से छात्रों और शिक्षकों को अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी।

प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि सरकार प्रदेश के विश्वविद्यालयों को वैश्विक मानकों के अनुरूप तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना से न केवल छात्रों को शोध और तकनीकी विशेषज्ञता के क्षेत्र में नई संभावनाएं मिलेंगी, बल्कि यह विश्वविद्यालयों की शैक्षिक गुणवत्ता में भी सुधार लाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रदेश के युवाओं को एक ऐसा मंच उपलब्ध कराना है, जहां वे विश्वस्तरीय शिक्षा और संसाधनों का लाभ उठाकर अपने करियर को नई दिशा दे सकें। "सेंटर ऑफ एक्सीलेंस" योजना के तहत प्रदेश के प्रमुख विश्वविद्यालयों को जोड़ा जा रहा है। इस योजना के तहत महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली, वीर बहादुर सिह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर, लखनऊ विश्वविद्यालय, डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या, ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी, डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय लखनऊ और छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर को शामिल किया गया है। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस योजना के तहत राज्य के इन विश्वविद्यालयों में प्रोजेक्ट फेलो के साथ-साथ अत्याधुनिक शोध उपकरण, पुस्तकालयों का विकास और डिजिटल संसाधनों की उपलब्धता को सुनिश्चित किया जाएगा। यह न केवल छात्रों के शैक्षिक विकास को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि उन्हें उद्योग और अनुसंधान क्षेत्र में नए अवसर प्रदान करेगा। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस योजनांतर्गत राज्य सरकार द्वारा समय समय पर निर्गत दिशा निर्देश प्रभावी रहेंगे। विश्वविद्यालय स्तर पर योजना के दिशा निर्देशों के अनुसार कार्यक्रमों की मॉनीटरिंग की जाएगी तथा शासन को अवगत कराया जाएगा।

संस्थापक सम्पादक
एवं
हमारे प्रेरणास्रोत्र
स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

1973-2024

सम्पादक की क़लम से

खाद्य पदार्थों में अखाद्य की मिलावट

इंसानियत से नीचे गिरकर खाद्य पदार्थों में अखाद्य की मिलावट यानी खान पान की वस्तुओं में थूक आदि की मिलावट के समाचार और वीडियो मिलने के बाद योगी सरकार सख़्त हो गयी है। खाद्य पदार्थ शुद्ध रहें, इसे लेकर योगी सरकार ने पहले भी सख़्त कदम उठाया था, लेकिन तब मामले को अलग रंग देकर सुप्रीम कोर्ट ले जाया गया, अभी सुप्रीम कोर्ट के निर्देश ही से सबकुछ चल रहा है, लेकिन हाल के दिनों में खान पान की वस्तुओं में थूक आदि मिलाने की खबरों ने लोगों और सरकार को बेचैन कर दिया। सुप्रीम कोर्ट तक यह मामला अभी नहीं पहुंचा, इसलिए सरकार ने कदम उठाया है। मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ ने खान-पान की वस्तुओं में मानव अपशिष्ट और गंदी चीजों की मिलावट करने वालों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। देश के विभिन्न क्षेत्रों में घटी ऐसी घटनाओं का संज्ञान लेते हुए कल एक उच्च स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेश के सभी होटलों, ढाबों और रेस्टोरेंट आदि संबंधित प्रतिष्ठानों की गहन जांच, सत्यापन आदि के भी निर्देश दिए हैं। साथ ही आम जन की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए नियमों में आवश्यकतानुसार संशोधन के भी निर्देश दिए। खाद्य पदार्थों में अखाद्य की मिलावट जीवन से छेड़छाड़ तो है ही धार्मिक मान्यताओं का हनन भी है। योगी ने कहा कि हाल के दिनों में देश के विभिन्न क्षेत्रों में जूस, दाल और रोटी जैसी खान-पान की वस्तुओं में मानव अपशिष्ट, अखाद्य और गंदी चीजों की मिलावट की घटनाएं देखने को मिली हैं। ऐसी घटनाएं वीभत्स हैं और आम आदमी के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाली हैं। ऐसे कुत्सित प्रयास कतई स्वीकार नहीं किया जा सकते। उत्तर प्रदेश में ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए ठोस प्रबंध किए जाने आवश्यक हैं। ऐसे ढाबों और रेस्टोरेंट आदि खान-पान के प्रतिष्ठानों की जांच की जानी आवश्यक है। प्रदेशव्यापी सघन अभियान चलाकर इन प्रतिष्ठानों के संचालक सहित वहां कार्यरत सभी कर्मचारियों का सत्यापन किया जाए। खान-पान के प्रतिष्ठानों पर संचालक, प्रोपराइटर, मैनेजर आदि के नाम और पता प्रमुखता से डिस्प्ले किये जाने चाहिये। इस संबंध में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में आवश्यकतानुसार संशोधन भी किया जाए। ढाबे, होटलों और रेस्टोरेंट आदि खान-पान के प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी की व्यवस्था हो। न केवल ग्राहकों के बैठने के स्थान पर बल्कि प्रतिष्ठान के अन्य हिस्सों को भी सीसीटीवी से कवर होना चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाए कि हर प्रतिष्ठान संचालक सीसीटीवी की फीड को सुरक्षित रखेगा और आवश्यकता पड़ने पर पुलिस और स्थानीय प्रशासन को उपलब्ध कराएगा। मुख्यमन्त्री योगी ने निर्देश दिया कि खान-पान के केंद्रों पर साफ-सफाई होनी चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाए कि खाद्य पदार्थों को तैयार करने तथा सर्विस के समय संबंधित व्यक्ति मास्क और ग्लव्स का उपयोग जरूर करें। आमजन के स्वास्थ्य हितों से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ नहीं किया जा सकता। ऐसा प्रयास करने वालों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाए। खाद्य पदार्थों को बनाने, बेचने अथवा अन्य संबंधित गतिविधियों से जुड़े नियमों को व्यवहारिकता का ध्यान रखते हुए और सख्त किया जाए। नियमों की अवहेलना पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए। हर नगर में आजकल खान पान के लिए ठेले, दुकाने, रेस्टोरेंट खूब खुल रहे हैं, उनमें से जो अच्छे चलते हैं वे साफ-सफाई का भी अच्छा ध्यान रखते हैं, लेकिन कुछ ऐसे भी हैं, जो शरारत करते हुए इंसानियत से नीचे गिरकर खाद्य पदार्थों में अखाद्य वस्तुएं मिला दे रहे हैं, ऐसे असामाजिक तत्वों पर शिकंजा कसा ही जाना चाहिए। इसके अलावा मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य के अधिकारियों को प्रदेश की सभी सड़कों को गड्ढामुक्त करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए उनकी तरफ से डेडलाइन भी तय कर दी गई है। आने वाले त्योहारों को देखते हुए उत्तर प्रदेश में सड़कों को गड्ढामुक्त बनाने के लिए 10 अक्टूबर तक विशेष अभियान चलाया जायेगा। योगी आदित्यनाथ ने एनएचएआई के अधिकारियों से कहा है कि जब तक नेशनल हाईवे का निर्माण कार्य पूरा न हो जाए, तब तक 'टोल टैक्स' की वसूली नहीं की जाए। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सड़कों के लिए बजट का कोई अभाव नहीं है और आवश्यकता इस बात की है कि सभी विभाग बेहतर कॉर्डिनेशन करें। उन्होंने सभी विभागों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि सड़क बनाने वाली एजेंसी या ठेकेदार सड़क बनने के बाद अगले पांच वर्ष तक उसके मेंटेनेंस की जिम्मेदारी भी उठाएगा। उन्होंने जोर दिया कि इस बारे में नियम-शर्तें स्पष्ट रूप से उल्लिखित हों। मुख्यमन्त्री ने कहा कि सड़कों पर सीवर लाइन तथा पाइपलाइन आदि डालने के बाद ठीक ढंग से मरम्मत की जानी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को सांसद तथा विधायक निधि के अंतर्गत बनी सड़कों की मरम्मत के लिए कार्य योजना तैयार करने को कहा। योगी आदित्यनाथ सरकार अब 50 हजार से एक लाख की आबादी वाले 63 शहरों के लिए भी मास्टर प्लान तैयार कराने जा रही है। यह कदम भी योगी सरकार का बड़ा कदम है। मास्टर प्लान लागू होने के बाद इन शहरों में भी महानगरों की तर्ज पर भू-उपयोग के आधार पर नक्शा पास किया जाएगा, जिससे भवन निर्माण में मनमानी रुकेगी। इसे लेकर आवास विभाग में उच्च स्तर पर सहमति बन गई है। सरकार ने इससे पहले एक लाख से अधिक आबादी वाले शहरों के लिए मास्टर प्लान तैयार किया था। छोटे शहरों में भवन बनाने के कोई मानक न होने से अवैध निर्माण बड़ी समस्या है। इससे शहरों का अनियोजित विस्तार भी हो रहा है। मॉडल विकास नियम के लागू न होने से लोग मनमाने तरीके से भवनों का निर्माण कराते जा रहे हैं। खास तौर पर सड़कों से सटी जमीन पर मानक के विपरीत बने आवासीय और व्यावसायिक भवन खतरे को बढ़ा रहे हैं। इसे देखते हुए नियम लागू करने की तैयारी है। अभी बोर्ड स्तर से पास होता नक्शा जिन शहरों में विकास प्राधिकरण नहीं हैं, उन शहरों में नगर निकायों के बोर्ड के नियमानुसार नक्शा पास होता है। इसमें भू-उपयोग और तल पट क्षेत्र अनुपात का कोई ख्याल नहीं रखा जाता है। ऐसे में बड़े नक्शे पास करने में जमकर मनमानी होती है।

चार तीर

सुनील उत्सव

"जीवन" "लम्हें" "समय" "संसार"

आए हो तो जीवन में कुछ बात करो पैदा,
लम्हें हमें जीने के थोड़े ही से मिलते हैं।
बेकार समय खोना अच्छा ही नहीं 'उत्सव',
संसार में जीने के कुछ तौर तरीके हैं।

डीएम ने कलेक्ट्रेट कार्यालयों का किया निरीक्षण

- रिकार्ड रूम के निर्माण में तेजी लाने के अधीनस्थों को दिए निर्देश - नजारत की साफ-सफाई पर कर्मियों की ठपथपाई पीठ

मुजफ्फरनगर, 24 सितम्बर (बु.)। जिलाधिकारी उमेश चन्द्र मिश्रा ने मुजफ्फरनगर जिले का चार्ज संभालने के बाद मंगलवार को पहली बार अधीनस्थों के साथ कलक्ट्रेट का पैदल भ्रमण करते हुए व्यवस्थाओं को परखा। इस दौरान उन्होंने कलेक्ट्रेट में साफ-सफाई के साथ फरियादियों की समस्याओं का त्वरित निदान कराने के निर्देश दिए। वहीं इस बीच बेहतर कार्य पर अधीनस्थों की पीठ थपथपाकर उत्साहवर्धन भी किया। इस दौरान उन्होंने अधिकांश कार्यालय में पहुंचकर वहां की मौजूदा स्थिति देखने के साथ कार्यरत कर्मचारियों को जरुरी दिशा-निर्देश भी दिए। डीएम के रूप में अपनी बेबाक छवि एवं जिले को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने की दिशा में शुरू कवायदों के बीच जिलाधिकारी उमेश चन्द्र मिश्रा अपने कार्यालय में आम दिनों की भांति जनशिकायतों को सुन रहे थे। इसी बीच उन्होंने

एडीएम वित्त गजेन्द्र कुमार व नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप को अपने कार्यालय में बुलवाया और कलक्ट्रेट का निरीक्षण करने की इच्छा व्यक्त की। डीएम के निर्देश में नाजिर सदर सुभाष चंद व अन्य कर्मचारियों के साथ डीएम उमेश मिश्रा सीधे कलेक्ट्रेट के संयुक्त कार्यालय में पहुंचे, जहां उन्होंने इस बीच न्यायिक सहायक, राजस्व सहायक, संग्रह अनुभाग, ईआरके एवं नजारत का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण करते हुए यहां कार्यरत कर्मचारियों को जरुरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने पटल लिपिकों से इस बीच जरुरी पत्रावलियों की जानकारी लेते हुए लंबित प्रकरणों को जाना। कलेक्ट्रेट में निरीक्षण के दौरान नजारत में उन्होंने साफ-सफाई पर तैनात कर्मचारियों की पीठ थपथपाते हुए शाबाशी दी। बाद में उन्होंने रिकॉर्ड रूम का निरीक्षण करते हुए वहां पत्रावली रखरखाव पर संतोष जताते हुए अभिलेखों की महत्ता को बताया। रिकार्ड रूम की व्यवस्था पर चिंता व्यक्त करने के बाद उन्होंने यहां पर नए बनने जा रहे रिकॉर्ड रूम स्थल का निरीक्षण किया और इसके लिए प्रक्रिया तेज कराए जाने के अधीनस्थों को निर्देश दिए। बाद में उन्होंने लोकवाणी सभा कक्ष एवं कंट्रोल रूम का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से एडीएम वित्त गजेन्द्र सिंह, नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप, नाजिर सदर सुभाष चन्द, नरेन्द्र कुमार के साथ शिकायत सहायक विजय कुमार आदि मौजूद रहे।

डीएम उमेश मिश्रा का किया आईआईए सदस्यों ने स्वागत

मुजफ्फरनगर, 24 सितम्बर (बु.)। आईआईए के चेयरमैन पवन कुमार गोयल के नेतृत्व में नवांगत जिलाधिकारी उमेश मिश्रा को उनके कार्यालय पर बुके देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन विपुल भटनागर, कुश पुरी, वायस चेयरमैन अमित गर्ग, मनीष भाटिया, उमेश गोयल, अमन गुप्ता, राज शाह, आचमन गोयल आदि उपस्थित रहे। कलेक्ट्रेट पहुंचे आईआईए के पदाधिकारियों ने डीएम उमेश चन्द मिश्रा को उद्योग जगत की समस्याओं के लिए उनके समर्थन की अपेक्षा की। चैप्टर चेयरमैन पवन गोयल ने सभी का परिचय कराते हुए उद्योग हित में सहयोग के लिए उन्हें कहा। आईआईए प्रतिनिधिमंडल को जिलाधिकारी ने शीघ्र ही उद्योग जगत के साथ बैठक करने की इच्छा जताई। इस पर आईआईए ने डीएम को अपनी

आगामी बैठक में आमंत्रित किया, जिसमें उद्योग जगत की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा होगी। आईआईए ने श्री मिश्रा की जिले में नियुक्ति पर बधाई दी और उनके सहयोग से उद्योग जगत की प्रगति की उम्मीद जताई।

भरतिया कालोनी मकान खरीद मामले में डीएम दरबार में दस्तक

- मामले की निष्पक्ष जांच कराने के साथ राजस्व वसूली की मांग

मुजफ्फरनगर, 24 सितम्बर (बु.)। नई मंडी भरतिया कालोनी की वाल्मीकि बस्ती में सरकारी नाले पर कब्जा करने एवं स्टांप की चोरी करने की शिकायत कई लोगों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में पहुंचकर डीएम उमेश मिश्रा से करते हुए दोषी पर कार्रवाई किए जाने की मांग की। डीएम को सौंपे शिकायती पत्र में कहा गया कि नदीम नामक व्यक्ति ने एक राजनीतिक दल के नाम पर कुछ लोगों के साथ में मिलकर वाल्मीकि बस्ती में एक मकान खरीदा था, जिसमें स्टांप चोरी कर साजिश के तहत राजस्व की हानि पहुंचाई गई है। शिकायती पत्र में सरकारी नाले पर कब्जा कर मकान बनाने का भी आरोप डीएम से मिले लोगों ने लगाया है। इस दौरान शिकायतकर्ताओं ने डीएम को साक्ष्य प्रस्तुत करते हुए इस प्रकरण से जुड़े 5 सूत्रीय शिकायती पत्र के माध्यम से हुए खेल की जांच कराए जाने की मांग की,

ताकि वास्तविकता भी सबके सामने उजागर हो सके। मंगलवार को डीएम कार्यालय पर पहुंचे इन जिम्मेदार लोगों में मुख्य रूप से पूर्व सभासद विकल्प जैन, विहिप नेता ललित महेश्वरी, भरतिया कालोनी निवासी नीरज कुमार, सचिन कुमार, अनिल शर्मा, नितिन तायल, संजय शर्मा, मोहित बंसल, राघव गौरव आदि शामिल रहे।

एसडी पब्लिक सीनियर विंग के प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया "सक्षम-ए प्राइजड मार्निंग"

मुजफ्फरनगर, 24 सितम्बर (बुस.)। स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है यह सिद्धांत इस बात को स्पष्ट करता है कि शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य का एक दूसरे से गहरा संबंध है। इसी भावना से ओतप्रोत एसडी पब्लिक स्कूल के सीनियर विंग के प्रांगण में सक्षम-ए-प्राइजड मार्निंग (बेशकीमती सुबह) खेलकूद का आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व विद्यालय के शारीरिक शिक्षकों के द्वारा किया गया। सक्षम खेल महोत्सव में कक्षा बारहवीं के सभी छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार की खेलकूद प्रतियोगिता-वॉलीबाल, बॉस्केटबाल, शतरंज, बेडमिंटन, टेबिल टेनिस, कबड्डी, खो-खो व एथलेटिक्स में प्रतिभागी होकर अपनी शारीरिक और मानसिक क्षमताओं को निखारते हुए अपनी टीमों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए खेल की भावना, समर्पण और टीमवर्क का बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया। सक्षम-ए-प्राइजड मार्निंग खेल का उद्घाटन विद्यालय डॉयरेक्टर चंचल सक्सैना, उपप्रधानाचार्य शिव कुमार शर्मा व सीनियर विंग इंचार्ज शशीकान्त शर्मा, मिडिल विंग इंचार्ज गीता मित्तल व अभिभावकों के साथ खेल ध्वजारोहण से हुआ। सक्षम खेल प्रदर्शन शुरू करने से पहले सभी खिलाड़ी छात्र-छात्राओं ने शपथ ग्रहण की।

तत्पश्चात खेलों का शुभारंभ विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं के साथ हुआ। इस शानदार आयोजित सक्षम-ए प्राइजड मार्निंग खेल महोत्सव ने एक बार फिर साबित कर दिया कि खेल शारीरिक गतिविधि नहीं बल्कि विद्यार्थियों के समग्र विकास और सामूहिक भावना को प्रोत्साहित करने का एक महत्त्वपूर्ण साधन है व सभी बच्चें सक्षम है। इस अवसर पर उन सभी छात्रों को विद्यालय डॉयरेक्टर चंचल सक्सैना ने मैंडल देकर सम्मानित किया, जिन्होंने साहित्यिक क्षेत्र में अपनी सृजनात्मकता व कौशलता का परिचय देते हुए उच्च स्थान प्राप्त किया। साथ ही उन छात्रों को भी सम्मानित किया गया, जिनकी शैक्षणिक वर्ष में 100 प्रतिशत उपस्थिति रही। अंत में विद्यालय डॉयरेक्टर चंचल सक्सैना ने सभी छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, हमारे सभी छात्रों ने खेल प्रदर्शन में जो उत्कृष्टता प्रदर्शित की है वह उनके कठिन परिश्रम और समर्पण का परिणाम है। कार्यक्रम का सफल संचालन सभी खेल प्रशिक्षक के संरक्षण में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम संचालन में एक्टिविटी इंचार्ज व सभी शिक्षकों का पूर्ण सहयोग रहा।

पालिका में स्वास्थ्य जांच कैंप में हुई सफाई कर्मियों की जांच

मुजफ्फरनगर, 24 सितम्बर (बु.)। स्वच्छता ही सेवा जैसे अभियान के तहत नगर पालिका परिषद में मेडिकल कैम्प लगाया गया। कैम्प में सफाई कर्मचारियों का मेडिकल चेकअप किया गया। हालांकि अधिक लोगों को जानकारी न होने के कारण इस मेडिकल चेकअप कैंप में बहुत ही कम लोग कैम्प में पहुंच पाए। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल कुमार ने बताया कि शासन के निर्देशों पर स्वच्छता पखवाडा कार्यक्रम के तहत नगर पालिका की ओर से विभिन्न कार्यक्रम कराए जा रहे हैं। शहर में विभिन्न स्थानों पर जहां विशेष सफाई अभियान चलाते हुए लोगों को श्रमदान के लिए प्रेरित किया गया, वहीं व्यापारियों और दुकानदारों को प्रतिबंधित पॉलीथिन के संबंध में जागरूक किया गया। इस कड़ी में मंगलवार को स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नगर पालिका में मेडिकल कैम्प लगाया गया। इस कैम्प में सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य जांच पड़ताल किए जाने के साथ ही कर्मचारियों को दवाई भी दी गई।

अवैध रूप से चल रही ई-रिक्शाओं को बंद कराने की मांग को लेकर शिव सेना ने किया प्रदर्शन

मुजफ्फरनगर, 24 सितम्बर (बु.)। शिव सेना के कार्यकर्ताओं ने एसपी ट्रैफिक कार्यालय पर मंगलवार को प्रदर्शन कर घेराव किया। उन्होंने अवैध वसूली पर रोक और अवैध रूप से चल रही ई-रिक्शाओं को बंद कराने की मांग की। एसपी ट्रैफिक ने जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है। शिव सेना नेता मनोज सैनी के आह्वान पर मंगलवार को पदाधकारी टॉउन हाल में एकत्र हुए और वहां से जुलूस के रूप ट्रैफिक पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुलिस आफिस पहुंचकर एसपी ट्रैफिक के कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। शिव सेना के मंडल अध्यक्ष लोकेश सैनी ने आरोप लगाया है कि ट्रैफिक पुलिस चेकिंग के नाम पर आम जनता से अवैध उगाही कर रही है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि चैकिंग के नाम पर

यातायात पुलिस लूट कर रही है। उन्होंने ज्ञापन एसपी देहात अतुल कुमार चौबे को दिया है, जिसमें चैकिंग के नाम पर जनता का उत्पीड़न बंद करने, अवैध रूप से चल रहे डगामार वाहनों को बंद कराने और हजारों की तादात में अवैध रूप से चल रही ई-रिक्शा पर अंकुश लगाने की मांग की है। इस दौरान अवनीश चौहान, प्रमोद अग्रवाल, विनय बिंदल, आशीष शर्मा, बसंत कश्यप समेत सैंकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नेत्र परीक्षण शिविर में दवाइयों का निशुल्क वितरण किया

शाहपुर, 24 सितम्बर (बु.)। रोटरी क्लब सखी द्वारा आयोजित नेत्र परीक्षण शिविर में नेत्र परीक्षण कर दवाइयों का निशुल्क वितरण किया गया। शाहपुर कन्या इंटर कॉलेज में रोटरी क्लब सखी द्वारा आयोजित निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में डॉ. विक्रांत वशिष्ठ सत्येंद्र आई केयर (भिवानी वाले) द्वारा दर्जनों छात्राओं का नेत्र परीक्षण कर दवाइयों का वितरण किया गया। शिविर में रोटरी क्लब सखी की अध्यक्ष नीलम गुप्ता, रो. शशि सिंगल, रो. अंबिका एवम रो. शिवानी अरोरा आदि उपस्थित रही। शिविर को सफल बनाने में विद्यालय की अध्यापिकाओं रिंकी रानी, गीता देवी, ललिता शर्मा, ज्योति त्रिपाठी, तनु सैनी, भावना आदि का योगदान रहा। शिविर का समस्त आयोजन विद्यालय के प्रबंधक अरविंद गुप्ता द्वारा किया गया। उन्होंने भविष्य में भी छात्राओं के स्वास्थ्य परीक्षण कराए जाने के लिए आश्वस्त किया।

भू-माफिया से किसान की जमीन को राजस्व विभाग द्वारा कराया गया कब्जामुक्त

चरथावल, 24 सितम्बर (बु.)। ग्राम मुथरा-न्यामू मार्ग पर स्थित किसान की 17 बीघा कब्जाई हुई भूमि को राजस्व विभाग, चकबन्दी विभाग की संयुक्त टीम ने पुलिस बल के साथ पहुंचकर कब्जामुक्त कराया। चरथावल थानाक्षेत्र के ग्राम मुथरा निवासी यूसुफ अली खान द्वारा प्रार्थना-पत्र देकर जिलाधिकारी से शिकायत की गयी थी कि न्यामू मार्ग पर स्थित उसकी 17 बीघा भूमि चक संख्या 879 व गाटा संख्या 1079 पर ग्राम कसौली निवासी अरुण कुमार ने जबरदस्ती कब्जा कर रखा है। इस भूमि को कब्जा मुक्त कराने की मांग की गयी थी। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व)गजेंद्र कुमार द्वारा जांचकर संयुक्त टीम गठित कर नियमानुसार कब्जा मुक्त कराने के निर्देश दिए गये थे। आदेश के बाद शिकायत की विस्तृत जांच की गयी। जांच में शिकायत में दिये गये तथ्य सही पाए जाने पर मंगलवार को तहसीलदार सदर राधेश्याम गौड़, चकबंदी अधिकारी रामकेश कटियार, सहायक चकबंदी अधिकारी शशी प्रताप सिंह, राजस्व निरीक्षक प्रवीण गुप्ता, नरेश कुमार,सुखपाल सिंह, सुनील कुमार, राजन कुमार आदि ने पुलिस बल के साथ पहुंचकर पीड़ित किसान की जमीन को कब्जा मुक्त कराया। इस दौरान ग्राम प्रधान वीरपाल मोहनपाल रिंशिपाल, नरेश, अर्शी खान, युसूफ खान नईम खान आदि सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे। करीब पांच वर्ष बाद जमीन कब्जामुक्त होने पर पीड़ित किसान ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी अधिकारियों का आभार जताया।

कैबिनेट कृषि मंत्री का स्वागत किया

जानसठ, 24 सितम्बर (बु.)। मेरठ से भोकरहेड़ी जाते हुए कस्बे में स्थित डाक बंगले के सामने मंडल के कार्यकर्ताओं ने कैबिनेट कृषि मंत्री का स्वागत किया। स्वागत के दौरान भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे। मंगलवार को कैबिनेट कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही कस्बे में स्थित डाक बंगले के सामने पहुंचे। कस्बे में पहुंचने पर भाजपा के मंडल कार्यकर्ताओं ने उनका फूल माला पहनकर स्वागत किया। वह मेरठ से भोकरहेड़ी एक कार्यक्रम में जा रहे थे। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से आने वाले मीरापुर विधानसभा के उपचुनाव में जुट जाने को कहा। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता चुनाव में पूरी मेहनत से कार्य करे। इस दौरान मंडल अध्यक्ष राजीव गुप्ता, एलडीबी के अध्यक्ष बृजेश रस्तोगी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष

प्रवेंद्र भड़ाना, सुरेंद्र बंसल, महामंत्री रामनिवास प्रजापति, रोहित खत्री, सुनील कश्यप, जगत सैनी, अंकित संगल, पंकज कश्यप, अक्षय कंसल, डॉ सतीश खटीक, संजय बैरागी, मदन, पुष्पेंद्र ठाकुर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नवरात्रों के 9 दिनों में मांस मछली व शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की मांग लेकर क्रान्ति सेना ने किया प्रदर्शन

मुजफ्फरनगर, 24 सितंबर (बुस.)। क्रांतिसेना महिला मोर्चा ने नवरात्रों के 9 दिनों में मांस मछली व शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की मांग करते हुए आज डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया तथा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्त्व कर रही महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पूनम चौधरी ने कहा कि मां दुर्गा की उपासना वाले नवरात्रों के त्यौहार का हिंदू समाज में बड़ी मान्यता है और नवरात्रो के इन 9 दिनों तक हिन्दू समुदाय बड़ी आस्था और पवित्रता के साथ उपवास रखता है, लेकिन बाजारों में जहाँ-तहाँ मांस अंडे की खुले आम बिक्री से हिन्दू समुदाय की पवित्रता भंग हो रही है, अब जहा राज्य में योगी जी की सरकार है ऐसे में भी नवरात्रों के दिनों मांस अंडे की बिक्री निंदनीय है, जिस पर रोक लगनी अति आवश्यक है। उन्होंने मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में नवरात्रों के दिनों में मांस-अंडे सहित तमाम मांसाहारी पदार्थों की बिक्री पर पूर्णयता प्रतिबंध लगाने की मांग की। इस अवसर पर क्रांति सेना जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा पूनम चौधरी, रानी चौधरी जिला प्रभारी, अंजू त्यागी जिला महामंत्री, पूनम चाहल जिला उपाध्यक्ष, मितलेश गिरी जिला सचिव, राखी प्रजापति नगर उपाध्यक्ष, अनीता प्रजापति सचिव, उर्मिला, गुड्डी, अनोखी दूबे मिडिया प्रभारी, ललतेश, ममता, मुनेश, किरण आदि सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया।

मुर्तजा चौधरी को बनाया प्रदेश महासचिव

शाहपुर, 24 सितम्बर (बु.)। कस्बे के मौहल्ला गोकलपुर निवासी मुर्तजा चौधरी को राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी गौसेवा संघ के मुस्लिम प्रकोष्ठ का प्रदेश महासचिव बनाया गया है। कस्बे के मौहल्ला गोकलपुर निवासी मुर्तजा चौधरी ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी गौसेवा संघ विस्तार कार्यक्रम के अंतर्गत संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक डॉ. इंद्रेश कुमार, राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव सिंह सेंगर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रिंस जैन व कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष मुस्लिम प्रकोष्ठ इकबाल त्यागी ने संगठन हित सेवा कार्यों में गति प्रदान करने हेतु उन्हें संगठन के मुस्लिम प्रकोष्ठ का प्रदेश महासचिव नियुक्त किया है।

दिव्यांग महिला ने मकान बेचने की शिकायत की

जानसठ, 24 सितम्बर (बु.)। विधवा दिव्यांग महिला बोली...साहब मेरा मकान बेच डाला और उसमें रखा सामान भी तोड़ डाला है। अब मैं कहां पर रहूंगी। एसडीएम सुबोध कुमार ने पीड़िता विधवा दिव्यांग महिला को कार्यवाही कराने का आश्वासन दिया है। मंगलवार को तहसील क्षेत्र के गांव सीकरी निवासी विधवा दिव्यांग बेबी पत्नी स्व. ब्रजपाल अपनी पुत्रियों के साथ तहसील में पहुंची। विधवा दिव्यांग महिला एसडीएम कार्यालय के सामने धरना देकर बैठ गई। एसडीएम सुबोध कुमार कोर्ट में मुकदमों की सुनवाई करने के बाद बाहर निकले, तो वे पीड़िता दिव्यांग महिला से मिले। पीड़िता ने एसडीएम को बताया कि उसके पति का देहांत हो चुका है और वह दिव्यांग है। उसने बताया कि उसका एक आवासीय मकान गांव सीकरी में सरकारी अनुदान द्वारा बना था, जिसमें घरेलू कीमती सामान तथा कपड़े आदि रखे हुए थे। मेरी सास अंगूरी देवी है, जिसकी उम्र 90 वर्ष है। उसकी मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं है। आरोप है कि मेरे जेठ कंवरपाल पुत्र सियाना उर्फ सान्ना ने मेरी सास की मानसिक स्थिति का फायदा उठाते हुए बिना बताए सरकारी अनुदान से बने मकानों को गांव के एक व्यक्ति को बेच दिया। आरोप है कि उस व्यक्ति ने मकान खरीदते ही मकान को तोड़ दिया और उसमें रखा सामान भी खुर्द बुर्द कर दिया, जिस कारण पीड़िता अब अपनी विवाहिता पुत्रियों के यहां रहने को मजबूर है। पीड़िता ने एसडीएम से मकान दिलवाने की मांग की। एसडीएम सुबोध कुमार ने जांच कराकर कड़ी कार्यवाही कराने का आश्वासन दिया है।

वादे पूरे न होने पर पीड़ित से मिला कश्यप समाज

बुढ़ाना, 24 सितम्बर (बु.)। बीते दिनों गांव कुर्थल में हुई हत्या के मामले में प्रशासन के द्वारा किए गये वादे पूरे ना होने पर कश्यप समाज में आज मंगलवार को आक्रोश देखने को मिला। महर्षि कश्यप एकता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर सुशील कश्यप और भाजपा के वरिष्ठ नेता इंजिनियर देवेंद्र सिंह कश्यप आज गांव कुर्थल में पहुंचे और मृतक राजवीर के परिवार के लोगों से मिले, जिसमें पीड़ित परिवार द्वारा बताया गया कि ना तो अभी तक एक भी हत्यारा पकड़ा गया और ना ही उनको कोई सुरक्षा प्रशासन की और से दी गयी। यह सुनकर दोनों नेताओं ने चिंता जताई और कहा कि अगर ऐसा है, तो वे प्रशासन का अब दो दिन का समय और देते हैं। अगर पुलिस ने हत्यारों को गिरफ्तार नहीं किया, तो वे फिर कोई बड़ा निर्णय लेंगे। इस दौरान प्रदीप कश्यप कुटबा, लोकेश कश्यप और ऋषिपाल कश्यप आदि मौजूद रहे। दूसरी और जब इस मामले में कश्यप समाज बुढ़ाना की खाप के चौधरी डॉ. सोनू कश्यप से बात हुई, तो उनका कहना था कि अधिकारी उनका फोन तक उठाने को तैयार नहीं है और उधर कश्यप समाज किसी बड़े आंदोलन की तैयारी में लगा है। पुलिस प्रशासन को चाहिए कि वो धरने पर सैंकड़ों लोगों के बीच दिए गये अपने वायदे को तुरंत निभाए और कश्यप समाज के आंसुओं को पोंछने का काम करे।

जेयू हॉस्पिटल पर लगा महिला के गलत ऑपरेशन का आरोप

मुजफ्फरनगर, 24 सितम्बर (बु.)। मुजफ्फरनगर में थाना सिविल लाइन क्षेत्र के रुड़की रोड स्थित जेयू हॉस्पिटल में डिलीवरी के दौरान महिला की बच्चेदानी निकालने का अस्पताल प्रशासन पर बड़ा आरोप लगा है, जिसके बाद हॉस्पिटल के बाहर परिजनों ने जमकर हंगामा करते हुए घंटो धरना दिया। पीड़ित परिजनों की माने तो हॉस्पिटल प्रशासन ने अनट्रेंड डॉक्टर्स से महिला की डिलीवरी का ऑपरेशन कराया है, जिसमें ये लापरवाही बरती गई है।

इस दौरान धरने पर बैठा परिवार

मुजफ्फरनगर, 24 सितम्बर (बु.)। मासूम बच्चे को भी धरने पर लेकर पहुंचे। खबर लिखे जाने तक मौके पर पहुंचे सिटी मजिस्ट्रेट विकास कश्यप ने परिजनों को समझाने का प्रयास किया और हॉस्पिटल प्रशासन से मामले की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि मोबिन पत्नी पोपिन द्वारा बताया गया है कि उनकी डिलीवरी का आपरेशन बिना परिजनों को बताये कर दिया गया। साथ ही उसकी बच्चेदानी भी निकाल दी। परिजनों ने मांग की है कि हॉस्पिटल को बंद किया जाये, जिसको लेकर स्वास्थ्य विभाग को जांच के आदेश दे दिए गए है, जिसमें विधिवत जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

विधान सभा की छह सदस्यीय समिति करेगी समीक्षा बैठक

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में 30 सितंबर को सभापति समेत विधानसभा की छह सदस्यीय तृतीय उपसमिति अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेगी। विधानसभा की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति की तृतीय उप समिति के प्रथम अध्ययन दल में शामिल सभापति एवं 06 सदस्य 30 सितंबर को विभिन्न निगमों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। जिलाधिकारी अनुज सिह ने मंगलवार को बताया कि कलेक्ट्रेट सभागार में उप समिति के आगमन को लेकर अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए हैं।

सुकमा में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़

सुकमा 24 सितम्बर (वार्ता) छत्तीसगढ़ के सुकमा में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ की सूचना है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मौके पर 30 से 40 नक्सलियों की मौजूदगी है। पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी है। दोनों तरफ से गोलीबारी हो रही है। बताया जा रहा है कि मुठभेड़ सुकमा जिला के चितलनार थाना के अन्तर्गत करकनगुड़ा के जंगल-पहाड़ी क्षेत्र में हो रही है। करकनगुड़ा के जंगलों में नक्सलियों की बटालियन सप्लाई टीम एवं जगरगुंडा एरिया कमेटी के 30-40 नक्सलियों की उपस्थित की सूचना है। जिला पुलिस बल के साथ ही डीआईजी बस्तर फाईटर एवं 206 वाहिनी कोबरा की ओर से संयुक्त कार्रवाई की जा रही है। सुकमा पुलिस अधीक्षक के मुताबिक नक्सली कमांडर हिड़मा और देवा की बटालियन नंबर-1 के साथ मुठभेड़ हो रही है। सुबह से ही दोनों ओर से गोलीबारी हो रही है। सारे जवान सुरक्षित हैं। जवान जब लौटेंगे, तो ज्यादा जानकारी मिल पाएगी।

मुंबई में किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म

मुंबई, 24 सितंबर (वार्ता) महाराष्ट्र के पड़ोसी जिले पालघर के नालासोपारा इलाके में एक किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि यह मामला दुष्कर्म और ब्लैकमेल दोनों का है। आरोपी अनीस शेख और के जैन ने अपराध को अंजाम देते समय वीडियो बनाया और पीड़िता को धमकी दी कि अगर वह पुलिस के पास जाती है तो वे वीडियो जारी कर देंगे। बाद में, अचोले थाना ने पीड़िता के बयान के आधार पर दोनों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के साथ-साथ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) अधिनियम के कई प्रावधानों का उल्लंघन करने के आरोप में मामला दर्ज किया है।

बुलंदशहर में विषैली गैस से दो मरे

बुलंदशहर 24 सितंबर (वार्ता) उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर जिले के सिकंदराबाद क्षेत्र में ट्यूबवेल की मरम्मत के लिये कुएं में उतरे दो युवकों की विषैली गैस के कारण दम घुटने से मौत हो गयी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने मंगलवार को बताया कि कस्बा सिकंदराबाद स्थित चोला रोड पर ग्राम भटपुरा निवासी चंद्रपाल एवं ग्राम पिलखन वाली निवासी महेश ट्यूबवेल मरम्मत का कार्य कर रहे थे। इस दौरान चंद्रपाल कुएं के अंदर उतरा। लंबे समय तक जब वह बाहर नहीं आया, तब महेश नामक दूसरा व्यक्ति कुएं में उतरा मगर वह भी बाहर नहीं आया तब ग्रामीणों में बेचैनी हो गई। इस बीच पुलिस को सूचना दी गई तथा पुलिस की फील्ड रेस्क्यू टीम एवं दमकल विभाग के कर्मी कुंऐ के अंदर उतारे तथा सर्च ऑपरेशन चलाकर दोनों को बाहर निकाल जहां अस्पताल में दोनों को मृत घोषित कर दिया गया।

भाजपाइयों ने फूंका राहुल का पुतला

देवरिया,24 सितम्बर (वार्ता) ओबीसी आरक्षण के खिलाफ कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के बयान से नाराज भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को यहां श्री गाँधी का पुतला दहन कर अपना विरोध प्रकट किया। भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष गोविंद चौरसिया ने भारी संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ सुभाष चौक पर नेता विपक्ष राहुल गांधी का पुतला दहन किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि पिछड़ा समाज के प्रति कांग्रेस और गांधी परिवार सदैव अहित करती रही है। उसी परम्परा को राहुल गांधी ने विदेश में जाकर ओबीसी आरक्षण के खिलाफ जो बयानबाजी की है। उससे पिछड़ा समाज के अंदर काफी आक्रोश है। उन्होंने बताया कि पिछड़ा मोर्चा देवरिया द्वारा टाउन हॉल से पैदल मार्च कर सुभाष चौक पर राहुल गांधी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर पुतला दहन किया गया।

गोवंश की रक्षा के नाम पर राजनीति कर रही है केन्द्र सरकार : शंकराचार्य

बक्सर, 24 सितंबर (वार्ता) उत्तराखंड ज्योतिर्मठ पीठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद महाराज ने आज कहा कि केंद्र सरकार गोवंश की रक्षा के नाम पर केवल राजनीति कर रही है जबकि वास्तव में बीते 78 वर्षों में गोरक्षा के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। देशव्यापी गोध्वज स्थापना भारत यात्रा की शुरुआत की गई है। इस यात्रा के दौरान शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद महाराज ने महर्षि विश्वामित्र की तपोस्थली और भगवान श्रीराम की शिक्षा स्थली, बक्सर पहुंचकर नया भोजपुर स्थित गौशाला में गौ पूजा की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार गौ वंश की रक्षा के नाम पर केवल राजनीति कर रही है, जबकि वास्तविकता में बीते 78 वर्षों में गौ रक्षा के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। हिंदू समाज के लिए तिरुपति बालाजी मंदिर में जो हुआ, वह एक बड़ा विश्वासघात है, और दोषियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। शंकराचार्य ने बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र शास्त्री द्वारा किए गए चमत्कारों पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि यदि चमत्कार करना है, तो उन्हें देश की समस्याओं को हल करने में लगाना चाहिए, क्योंकि देश में कई महत्वपूर्ण समस्याएं हैं जिनका समाधान होना चाहिए।

रुड़की में दो पक्षों में खूनी संघर्ष, एक की मौत, कई घायल

हरिद्वार 24 सितंबर (वार्ता) उत्तराखंड के हरिद्वार की तहसील रुड़की के मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के आमखेड़ी में मंगलवार को जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। वहीं घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद रुड़की अस्पताल में लाया गया हैं। जहा उनका उपचार चल रहा हैं। घटना मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के आमखेड़ी गांव की है जहां दो दिन पहले भी खेत की डोल काटने पर विवाद हो गया था। वहीं आज दूसरे पक्ष ने प्रधान पक्ष पर धारदार कुल्हाड़ी और लाठी डंडों से हमला कर दिया जिसमें कई लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही हरिद्वार के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र डोबाल भी घटना स्थल पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी जुटाई। उन्होंने कहा कि दो पक्षों में झगड़े के बाद कई लोग घायल हुए हैं जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई हैं।

कॉमरेड स्वर्गीय सुरेंद्र कुमार जैन की स्मृति में द्वादश विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन

खतौली, 24 सितम्बर (बु.)। खतौली नगर के श्री कुन्दकुद जैन इंटर कॉलेज के तत्वावधान में गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी स्व. कामरेड सुरेंद्र कुमार जैन प्रख्यात बैंकिंग ट्रेड यूनियन लीडर, पूर्व चेयरमैन नगरपालिका परिषद खतौली व श्री कुन्द कुन्द जैन एजुकेशन एसोसिएशन खतौली के पूर्व अध्यक्ष की पुण्य स्मृति में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। यह लगातार लगने वाला बारहवां रक्तदान शिविर है। कार्यक्रम की अध्यक्षता योगेश चन्द्र जैन सर्राफ की। शिविर उद्धघाटन राघव स्वरूप, निरंकार स्वरूप व अमित स्वरूप निदेशक टिकोला शुगर मिल ने किया। मुख्य अतिथि के पद को डॉ. एन.के. बंसल तथा डॉ. मुकेश जैन वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ ने सुशोभित किया। ज्ञान के दीप का प्रज्वलन कुंज बिहारी डॉ. ईश्वर चंद्रा, मुकेश एडवोकेट, आर.पी. शर्मा, पंकज जैन, संजय जैन, दीपक भैंसी ने किया। मंचासीन अतिथियों ने कामरेड सुरेंद्र जैन के चित्र के समक्ष भावांजलि प्रकट की। कार्यक्रम का शुभारम्भ मंगलाचरण व णमोकार महामंत्र के पाठ से किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक राजीव जैन बैंक वाले तथा मुकेश जैन महलका वालों ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण अंग वस्त्र तिलक तथा शाल व प्रतीक चिन्ह भेंट करके आत्मीय सम्मान किया। कार्यक्रम निर्देशन प्रधानाचार्य अनुराग जैन ने किया। रक्तदान शिविर का सफल संयोजन प्रमोद मोतला तथा मनोज जैन ने किया कार्यक्रम संचालन राजकुमार प्रवक्ता ने किया। उपस्थित सम्मानित अतिथियों ने अपने उद्धबोधन में बताया कि कामरेड सुरेंद्र जैन ने अपना जीवन मानव सेवा के लिए समर्पित कर रखा था। उन्होंने सदा दूसरों की सेवा को प्राथमिकता दी। उनकी पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर आयोजित करना एक सार्थक कार्य है। रक्तदान जीवन का सर्वश्रेष्ठ कार्य है। इसके द्वारा रक्तदाता तीन व्यक्तियों के जीवन का बचाव करता है। रक्तदान मोटापे से बचाव करता है तथा कोलेस्ट्रॉल घटाता। हृदय व लीवर ठीक रहता है। आयरन लेवल संतुलित रहता है। नए ब्लड सेल बनते हैं। ब्लड सर्कुलेशन बेहतर बनता है शिविर में लगभग 400 से अधिक रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। राजीव जैन, संजय जैन, मुकेश जैन तथा प्रधानाचार्य अनुराग जैन ने भी सभी आगंतुकों का तथा विद्यालय परिवार का हार्दिक आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मनोज आढ़ती, जगदीश भाटिया, मुनेश जैन, नमन, शशांक महलका, आशु जैन, सुनील ठेकेदार, बबलू टिकरी, तेजराज, सुशील मंडी, सरदार बिल्लू, रजनीश सराय, मनोज सर्राफ, सुधीर मुखिया, नवीन औषधि, अनुपम आढ़ती, मनोज महलका, सुरेंद्र घड़ी, सतेंद्र बस, हर्ष एडवोकेट, नितिन, सुशील सिलो, सहित सर्व समाज के लोग रहे। समस्त विद्यालय परिवार ने शिविर के सफल आयोजन में सहयोग किया।

श्री कुंद कुंद जैन इंटर कॉलेज में कामरेड सुरेन्द्र जैन (पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, खतौली) की स्मृति में लगाए गए 12वीं रक्तदान शिविर में इंटर कॉलेज प्रबंधक राजीव जैन जी ने रक्तदान करने पर गौरी शंकर गौरी को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया...

असल पात्रों तक नहीं पहुंची प्रधानमंत्री आवास योजना की ईंटे

- टूटी कड़ियों एवं जर्जर हाल मकान कर रहा मौत की ओर इशारा
- बुजुर्ग विधवा की जिंदगी कट गई सरकारी ईंटों के इंतजार में

मुजफ्फरनगर, 24 सितंबर (बु.)। जानसठ ब्लॉक के गांव बेहड़ा अस्सा में कई परिवार करीब डेढ़ दशक से टूटे घर में सरकार के मजबूत इरादों वाले सीमेंट और उनके विश्वास के बल से तपी ईंटों का इंतजार कर रही है। पिछले करीब 15 वर्षो से बारिश में इनकी झोपड़ियां आने वाले हर वर्ष की एक-एक बूंद का हिसाब लिए बैठी हैं और उसी झोपड़ी के अंदर मन में पक्के मकान की इच्छा लिए ये गरीब रहने को मजबूर है। हालांकि ये तस्वीर सिर्फ ग्रामीण क्षेत्रों की ही नहीं बल्कि शहरी इलाके में भी इनके जैसे कई लोग टूटी कड़ियों के मकान में रहने को मजबूर हैं, जिनके पास अभी तक भी प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर बनवाने के लिए अर्जी लगाने के बावजूद इनको पात्रता की श्रेणी में रखा ही नहीं गया। जानसठ ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले बेहड़ा अस्सा गांव निवासी सतीश कश्यप का कई साल पहले जर्जर मकान का एक हिस्सा गिर गया था। झोपड़ी बनाई तो वो बरसात के दिनों में आंधी-तूफान सहन नहीं कर पाई और गिर गई। अब पिछले कई सालों से वो भूसा रखने वाले जर्जर हाल कोठरे में दो बेटियों और एक बेटे के साथ रहने को मजबूर है। एक बेटा उसकी बहन के पास रहता है। बीवी की मौत हो चुकी है। खेती के लिए जमीन नहीं है, तो मजदूरी करके घर पालता है, लेकिन फिलहाल बीमारी की वजह से मजदूरी करने भी नहीं जा पा रहा। घर में गैस चूल्हा तक नहीं है, जिस कारण उसकी बड़ी बेटी मिट्टी का चूल्हा फूंककर रोटी बनाती है, जिसमें बारिश की फुहार भी लगती है और रोटी भी चूल्हे पर सिखाती हैं। सतीश कश्यप कहता है कि वो कई बार प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत घर बनवाने के लिए सरकार से अर्जी लगा चुका है, लेकिन उसका आज तक घर नहीं बन सका है। मेरठ में हुए हादसे और उसमें 10 लोगों की मौत होने की खबर से वो बेहद आहत है। वो सरकारी मशीनरी की ढीले रवैए और लापरवाही पर बेहद निराश होकर कहता है कि ऐसी बारिश में अगर उसका ये मकान भी गिर गया तो वो लोग मर जाएंगे और सरकार की लिस्ट से उनका नाम कट जाएगा।

कालूराम

विधवा कमलेश

एडीएम

एडीएम प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत काफी लोगों के घर बनाए जा चुके हैं। फिर से पात्र लोगों के आवेदन मांगे गए हैं। प्राप्त आवेदनों की जांच के बाद पात्रों के घर बनवाएं जाएंगे।

अतिक्रमण हटाने की नगर में शुरू हुई कवायद, खालापार में चला अभियान

- 8 व्यापारियों पर लगा जुर्माना, टीम ने वसूले 12 हजार रुपए
- आज सिविल लाइन क्षेत्र में चलाया जाएगा अभियान

मुजफ्फरनगर, 24 सितम्बर (बु.)। पालिका द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत लोगों को जागरुक करने व अतिक्रमण के प्रति प्रेरित करने को मंगलवार को नगर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में खालापार क्षेत्र में देर सायं अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान पालिका टीम ने लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक का त्याग करने के साथ स्वच्छता में सहयोगी बनने के लिए जागरुक किया। पालिका टीम ने खालापार क्षेत्र में अभियान चलाते हुए अतिक्रमण करने वाले 8 दुकानदारों पर 12 हजार रुपए जुर्माना लगाते हुए भविष्य में आदेशों की अनदेखी पर कड़ी कार्यवाही की चेतावनी दी। टीम की इस कार्यवाही से दुकानदारों और व्यापारियों में हड़कम्प मच गया। नगरपालिका परिषद् द्वारा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक नगर क्षेत्र में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस दौरान पालिका के अधिकारी-कर्मचारी बड़े स्तर पर सफाई अभियान चला रहे हैं, वहीं स्वच्छता शपथ ग्रहण कराने के साथ में लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक त्यागने और स्वच्छता में सहयोग देने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। मंगलवार को इस कड़ी में नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप के नेतृत्व में स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल कुमार कर अधीक्षक नरेश कुमार शिवालिया, मुख्य सफाई निरीक्षक योगेश कुमार, सफाई निरीक्षक प्लाक्षा मैनवाल, एसबीएम लिपिक आकाश दीप, आईटीसी सुनहरा कल से दीपक सैनी, एमआईटूसी कंपनी के कुलदीप सिंह समेत खालापार कोतवाल भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। मंगलवार को खालापार क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत नगर पालिका टीम ने व्यापारियों को अतिक्रमण हटवाने के लिए निर्देशित किया। इस बीच सड़क पर अतिक्रमण करने वाले आठ व्यापारियों से बारह हजार रुपये जुर्माना मौके पर ही वसूलते हुए उन्हें चेतावनी दी गई। कर अधीक्षक नरेश कुमार ने बताया कि पालिका ईओ के जारी निर्देशों के बीच नगरपालिका क्षेत्र में टीम गठित करते हुए अभियान छेड़ा गया है। इस अभियान के तहत सोमवार को खालापार क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू होना था, जिसमें सोमवार को नगर मजिस्ट्रेट के बैठक में समय न मिल पाने के कारण यह अभियान मंगलवार को चलाया गया। उन्होंने बताया कि बुधवार को सिविल लाइन, गुरूवार को शहर कोतवाली और शुक्रवार को नई मंडी थाना क्षेत्र में गठित टीमों के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा।

फरियादियों के कक्ष में शॉर्ट सर्किट, पंखा जलकर खाक

मुजफ्फरनगर, 24 सितम्बर (बु.)। जिस कक्ष को डीएम ने जनता की समस्याएं सुनने के लिए सुनिश्चित किया था, उसी जिला पंचायत सभागार में



अचानक शार्ट सर्किट से एक पंखे में आग लग गई। गनीमत यह रही कि उस दौरान यहां जिलाधिकारी से मिलने पहुंचे पीड़ित न के बराबर थे। आग लगती देख तत्काल पीड़ितों को बाहर किया गया और मेन लाइन बंद कराई गई, जिसके बाद आग को बुझाकर पंखे को वहां तत्काल हटवा दिया गया। सवाल यह खड़ा होता है कि, अगर यहां फरियादियों की संख्या अधिक होती और भगदड़ मच जाती, तो एक बड़ा हादसे का गवाह ये जिला पंचायत सभागार बन जाता। गनीमत रही कि सब कुछ ठीक रहा और समय रहते संभाल लिया गया।

बैल से टकराकर बाइक सवार की मौत

सिखेड़ा, 24 सितम्बर (बु.)। क्षेत्र की चौधरी चरण सिंह कावड़ पटरी मार्ग पर बैल से टकराकर बाइक फिसलने से बाइक सवार तीन व्यक्ति घायल हो गये। घायलों को पुलिस ने उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया, जहां पर उपचार के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई। सोमवार की रात लगभग 12 बजे जानसठ क्षेत्र के गांव गढ़ी निवासी राहुल पुत्र सतबीर अपने चाचा 50 वर्षीय मलखान पुत्र नानू और गांव गुजरहेड़ी निवासी सोनू के साथ भोपा से आरा मशीन का काम समाप्त कर वापस घर लौट रहे थे। राहुल ने बताया कि जैसे ही हम लोग क्षेत्र की चौधरी चरण सिंह कांवड़ पटरी मार्ग के गांव काटका पुल के पास पहुंचे, तो अचानक से बाइक के सामने बैल आ गया। अचानक बाइक के सामने बैल आने से बाइक उससे टकरा गई। बाइक के टकराने से हम तीनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उपचार के लिए तीनों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां पर मंगलवार की दोपहर लगभग एक बजे उपचार के दौरान मलखान पुत्र नानू की मौत हो गई। पुलिस ने मलखान के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी राजीव शर्मा ने बताया कि दुर्घटना में उपचार के दौरान मलखान की मौत हुई है। दुर्घटना कैसे हुई अभी तक इसका कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। अभी तक कोई तहरीर नहीं आई है। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पीएम रिपोर्ट आने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

विधवा मां भी झोपड़ी से पक्के मकान की खो चुकी उम्मीद

मुजफ्फरनगर। सतीश के पिता नहीं है। विधवा मां कमलेश अपने पांचों बेटों से अलग करीब 16 सालों से अपने हिस्से की जमीन पर झोपड़ी डालकर रह रही है। कमलेश कहती है, 'उसने कई बार फॉर्म भरवाया, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। इस बार भी फार्म भरा हुआ है, लेकिन अभी तक उसका भी कोई अता पता नहीं। वो बताती है कि 'मेरी झोपड़ी पूरी तरह से टूट चुकी है, पन्नी भी फट गई है, फूंसे की दीवार का फूंस भी गल गया है, बारिश होती है तो सारा पानी ऊपर आता है'। कमलेश बताती है कि 'बारिश में उसका खाने का सारा सामान भीग कर खराब हो जाता हैं। कपड़ों में भी पानी भर गया, जो अभी तक भी गीले हैं।' कमलेश चाहती है कि उसके बेघर बेटे सतीश के साथ-साथ उसका भी सरकार घर बनवा कर दे दें।

हिम्मत तोड़ चुके कालूराम उम्मीद ना-उम्मीदों में बदली

मुजफ्फरनगर। विधवा कमलेश के पड़ोस में ही कालूराम कश्यप की झोपड़ी है। वो भी करीब 12 सालों से अपने परिवार के साथ झोपड़ी में रहने को मजबूर है। कालूराम बताते है कि पहले उसका भी अपना घर हुआ करता था, लेकिन मुफलीसी की मार ने ऐसा तोड़ा कि वो ना घर का रहा और ना घाट का। खेती के लिए जमीन नहीं है, तो मजदूरी करके अपना और अपने परिवार का पेट पालता है। अपने पैसों से घर बनाने की हिम्मत नहीं है। कालूराम बताते हैं कि उसने कई मर्तबा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ऑनलाइन अर्जी लगाई। हर बार सचिव से लेकर लेखपाल तक सर्वे करके चले जाते हैं, लेकिन उसके बाद कोई इधर आकर झांकता नहीं। पूछने पर जवाब मिलता है कि उसका घर सरकार से आया नहीं है। वो कहते हैं कि अगर सरकार उनका घर बनवा दे तो वो उनके आभारी रहेंगे।

क्या कहते हैं गांव के जिम्मेदार?

मुजफ्फरनगर। बेहड़ा अस्सा गांव के प्रधान मनोज उर्फ सोनू पूर्व फौजी बताते हैं कि पहले के सर्वे के मुताबिक कुछ लोगों को प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत कुछ लोगों को आवास मिले थे, लेकिन गरीबों का एक बहुत बड़ा वर्ग इस योजना के लाभ से वंचित रह गया था। अब फिर से सर्वे का कार्य चल रहा है। उम्मीद है कि इस बार पात्रों को आशियाना जरूर मिल जाएगा।

बड़े बकायेदारों के खिलाफ चला बकाया वसूली अभियान

- पालिका टैक्स विभाग डिमांड नोटिस भेजने की तैयारी में जुटा
- 15 दिनों में बकाया जमा न करने पर होगी कुर्की की कार्रवाई

मुजफ्फरनगर, 24 सितम्बर (बु.)। पालिका की आय बढ़ाने की दिशा में शुरू कवायदों के बीच नगर में अपने प्रभाव और रसूखों के कारण पालिका टैक्स चुकाने में ना नुकुर करने वालों पर पालिका प्रशासन ने नजर टेढ़ी कर ली है। पालिका टैक्स विभाग ने ऐसे में 50 हजार रुपये से ज्यादा के बकायेदारों को चिन्हित करते हुए उनकी सूची बना ली है। इनमें नगर क्षेत्र के नामचीन हॉस्पिटल, मॉल, व्यवसायिक व आवासीय भवन शामिल किए हैं। इन बड़े बकायेदारों को डिमांड नोटिस भेजने की तैयारी है। पालिका की इस सूची में सबसे बड़ा बकायेदार के रूप में बड़े घराने के मुख्य रोड पर स्थित व्यवसायिक भवन को चिन्हित किया है। भवन पर पालिका टैक्स के रूप में करीब 15 लाख रुपये बकाया चल रहे हैं, इसके साथ 10 बकायेदारों पर ही 28 लाख रुपये से ज्यादा टैक्स शेष है, जो कई वर्षो से पालिका में टैक्स नहीं चुका पा रहे थे।

पालिका अपनी आय बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं, इनमें व्यवसायिक लाइसेंस के दायरे को बढ़ाया है, तो वहीं सीमा विस्तार में मिले नए क्षेत्र में टैक्स निर्धारण प्रक्रिया प्रगति पर है। इसी कड़ी में पालिका के बड़े बकायदारों की खबर लेने की तैयारी हो गई है। पालिका टैक्स विभाग में 50 हजार या इससे अधिक का टैक्स नहीं चुकाने वाले करदाताओं की सूची तैयार कर ली है। सूची में मौ. खालापार, गांधी कालोनी, द्वारकापुरी व केवलपुरी के लोग शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार भोपा रोड द्वारकापुरी में संचालित भवन स्वामी पालिका के करदाताओं में सबसे बड़े बकायेदार के रूप में उभरे हैं, जिन पर पालिका के हाउस टैक्स व वाटर टैक्स के रूप में 14 लाख 89 हजार 628 रुपये बकाया हैं। बकायेदारों की सूची में कारोबारी की माता के साथ छोटे भाई पर टैक्स के रूप में बड़ा बकाया हैं। इसके साथ नसीम पुत्र मकसूद अहमद मौ. खालापार पर 4.66 लाख रुपए, शकुन्तला देवी पत्नी सुखवीर सिंह खालापार पर 2,63,214 रुपए, इन्द्रा रानी पत्नी सुभाष चन्द गांधी कालोनी पर 1 लाख 87 हजार रुपए, द्वारकापुरी स्थित ग्रेवाल जनरल हॉस्पिटल प्रा. लि. पर 1, 72,868 रुपए, हनीफ पुत्र बुन्दू दक्षिणी खालापार पर 68,746 रुपए, केवलपुरी की रईसा पत्नी शौकत 63,712 रुपए व पदम सिंह पुत्र करता राम मौ. खालापार पर कुल 71,416 रुपए टैक्स के रूप में बकाया हैं। इनके साथ अन्य बकायेदारों को सूची के बूते वसूली अभियान शुरू करने को कदम बढ़ाए है। इन 10 बकायेदारों से पालिका परिषद् को हाउस और वाटर टैक्स के रूप में 28 लाख 87 हजार 52 रुपये की वसूली करनी है। कर निर्धारण अधिकारी दिनेश यादव ने बताया कि पालिका में टैक्स न चुकाने वाले बकायेदारों की सूची बनाई गई है। 50 हजार से अधिक के करदाताओं की सूचीबद्ध करते हुए आगामी एक दो दिनों में इन्हें टैक्स विभाग की ओर से बकाया वसूली के डिमांड नोटिस जारी किये जा रहे हैं। बकायेदारों द्वारा टैक्स न चुकाने का कारण सहित जवाब देने और बकाया टैक्स राशि का भुगतान करने के लिए 15 दिन का समय दिया जायेगा। इस अवधि में यदि कोई बकायेदार करदाता नोटिस का जवाब नहीं देता और न शेष बकाया राशि जमा कराता है तो उसके खिलाफ पालिका प्रशासन द्वारा कुर्की की कार्यवाही की जायेगी।

कोठी बिकाऊ है

संजय 9219187282
श्रीकांत 9758337229
266 वर्ग गज (40X60 फीट) में बनी डबल स्टोर (दोनों साइड चौडी रोड), 6BHK, ड्राइंग रूम, डाइनिंग हॉल, किचन, स्टोर हर मंजिल पर, (3 कार पार्किंग) कोठी बिकाऊ है।
निकट वैष्णो देवी मंदिर गाँधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर

दुकान बिकाऊ हैं।

8x32= 28 गज में बनी दो दुकानें छत सहित बिकाऊ हैं।
दोनों दुकानों को साथ भी खरीदा जा सकता है।
प्लाईवुड और हार्डवेयर के लिये अति उत्तम।
लोकेशन- लोहिया बाज़ार वाली गली, बजरंग हार्डवेयर के सामने, निकट मेरठ रोड, मुज़फ्फरनगर
पीयूष जैन 9837609309

शेष - 48 फर्जी कम्पनियां , 167 करोड़ के ....

नेटवर्क पूरे देश में फैला हुआ है। ये लोग जिस राज्य में भी जिस कंपनी को फर्जी बिल चाहिए होते हैं, उपलब्ध करा देते हैं और उसकी एवज में मोटी रकम हवाला के जरिए प्राप्त करते हैं। इन फर्जी बिलों से व्यापारी 18 प्रतिशत जीएसटी बचाते हैं और इन लोगों को 2 से 3 प्रतिशत के हिसाब से पेमेंट कर देते हैं। आरोपियों ने ये भी खुलासा किया कि जितने भी फर्जी बिल तैयार किए गए हैं और उनका जो भी जीएसटी बनता है, उसमें से एक भी रुपया इन लोगों ने जमा नहीं कराया। पूरे फ्रॉड में अजीम मास्टर माइंड है, जबकि तसलीम, आस मोहम्मद और सेठी मिडिल मैन का कार्य करते हैं। इसी तरह से अन्य साथियों का भी अलग-अलग काम है। पुलिस लाइन स्थित सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान एसएसपी अभिषेक सिंह और एसपी देहात अतुल श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि सेठी के मोबाइल पर व्हाट्सअप चैटिंग के जरिए पता चला है कि दिसंबर 2023 से अब तक उनके पास एक करोड़ 90 लाख रुपये हवाला के जरिए आए हैं। इतना ही नहीं भारत में ऑनलाइन गेमिंग का काम कर रही विदेशी गेमिंग कंपनी के लिए भी अजीम वर्चुअल नंबर से काम कर रहा था और उसका पैसा क्रिप्टो करेंसी को बाइनेंस के जरिए से प्राप्त कर रहा था। पूरे गिरोह में सबसे ज्यादा पढ़ा लिखा अजीम ही है और वो ही पूरा गैंग ऑपरेट कर रहा था। एसएसपी अभीषेक ने बताया कि इन लोगों ने ये काम दिल्ली निवासी गुरू साबिर मलिक, अंकित, अनुभव और शिवम से सीखा है। वो लोग भी इसी तरह से अपना अलग